दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 01 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 142 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3












Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com


## लोकसभा चुनावः बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ मंथन

# पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ, योगी सहित दिग्गज रहे मौजूद

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव कमेटी की बैठक राष्ट्रीय मुख्यालय स्थित पार्टी मुख्यालय में हो रही है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए।

**कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी हुए शामिल**

भाजपा मुख्यालय में हो रही बैठक में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित कई मुख्यमंत्री शामिल हुए।



# यूपी पुलिस पेपर आउट में गाजियाबाद से एक गिरफ्तार:पहले ही आ गया था सेकेंड शिफ्ट का पर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के जरिये नकल कराने वाले गैंग के एक सदस्य कपिल को गुरुवार को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि कपिल के मोबाइल पर 17 फरवरी को सेकेंड शिफ्ट में हुआ पेपर पहले ही आ गया था। जांच कर रही है कि पेपर किसने आउट किया था।17 फरवरी को गाजियाबाद से महिला परीक्षार्थी सहित चार आरोपी पकड़े थे। तभी से कपिल तोमर की तलाश जारी थी।17 फरवरी को गाजियाबाद से महिला परीक्षार्थी सहित चार आरोपी पकड़े थे। तभी से कपिल तोमर की तलाश जारी थी।गाजियाबाद सेंटर पर ब्लूटूथ से करा रहे थे नकलरळ्रनोएडा के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया, 17 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान गाजियाबाद के एक परीक्षा केंद्र पर छापेमारी की गई थी। यहां से एक महिला अभ्यर्थी सहित कुल चार आरोपियों को पकड़ा गया था।





केंद्र के बाहर कार में बैठे तीन युवक ब्लूटूथ के जरिये इस महिला अभ्यर्थी को नकल करा रहे थे। इन आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि कपिल तोमर नामक शख्स ने उन्हें मोबाइल पर पेपर भेजा था, जिसके बाद वो महिला अभ्यर्थी को ब्लूटूथ से बोल-बोलकर नकल करा रहे थे। फरार चल रहे कपिल तोमर को गुरुवार को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है रेलवे परीक्षा धांधली में भी जा चुका है जेल राजकुमार मिश्रा ने बताया, 36 वर्षीय कपिल तोमर बागपत जिले में दोघट थाना क्षेत्र के गांव बेगमाबाद गढ़ी का रहने वाला है। वो आठवीं पास है। कपिल की रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप मुजफ्फरनगर जिले का रहने वाला है। प्रदीप पहले से प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाने और पेपर लीक कराने का धंधा करता है। जिसके बाद कपिल भी ये काम करने लगा। वर्ष 2022 में कपिल रेलवे ग्रुप-डी परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र से जेल भी गया था। पूछताछ में कपिल ने बताया है कि 17 फरवरी को सेकेंड शिफ्ट में होने वाला पेपर उसके मोबाइल पर पहले ही प्राप्त हो गया था। जिसके बाद कपिल ने ये पेपर मुजफ्फरनगर में गांव बेहड़ा निवासी गुरुवचन को भेज दिया था। गुरुवचन गाजियाबाद में परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद था और अंदर परीक्षा दे रही लड़की को नकल करा रहा था। एसटीएफ ने आरोपी कपिल तोमर को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस के हवाले कर दिया है।

# चुनाव में रहेगा पुलिस का स्टैंड बाई वाला प्लान

## क्या चुनाव में नहीं बदला जाएगा कोई भी कोतवाल

## चुनावी तैयारी के बीच शुरू हो गई है सेफ पुलिसिंग




गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है और तैयारी शुरू कर दी गई है। इन सबके बीच जानकारी निकल कर आ रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी से लेकर शीर्ष अधिकारियों द्वारा प्लान बनाया गया है कि थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र में अधिक बदलाव आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नहीं किए जाने हैं।इसका मतलब साफ है कि आचार संहिता लगने के बाद थाना प्रभारी की कुर्सी सेफ रहने वाली है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि 26 थाने वाली पुलिस कमिश्नरी सिस्टम में कई प्रभारी के लिए यह खबर राहत देने वाली है।

### देना होगा कानून व्यवस्था पर पूरा ध्यान

करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। तो वहीं क्राइम कंट्रोल को लेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। आचार संहिता लगने के बाद भले प्रशासनिक फेर बदल की संभावना कम रहती है लेकिन चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर कार्रवाई का अधिकार अधिकारियों के पास ही रहता है। ऐसे में कानून व्यवस्था में सुधार और मजबूत व्यवस्था ही किसी भी प्रभारी की सीट बचाने का मूल मंत्र रहेगा।

### देहात से लेकर सिटी तक कम नहीं है चैलेंज

भले गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक रहती हो और कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा भी हुआ हो, पर चुनाव के दौरान किसी भी स्थिति को कंट्रोल में करना पुलिस के लिए चैलेंज रहता है। वहीं पुलिस चुनावी सीजन में हर स्थिति परिस्थिति पर फूंक-फूंक कर कदम भी रखती है। कई बार अधिक सख्ती राजनीतिक दलों के चेहरों को आक्रामक बना देती है। तो कई बार ज्यादा नर्मी भी कष्टकारी सिद्ध हो जाती है। ऐसे में पुलिस के लिए चुनावी सीजन में मैनेजमेंट से लेकर वर्किंग के बीच तालमेल बैठाना बेहद आवश्यक बन जाता है।

# डीएम को जीडीए की अतिरिक्त एडहॉक व्यवस्था प्राधिकरण के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रही है : बालेश्वर त्यागी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। यह सही समय है और लोकतंत्र का दस्तूर भी है । अगली लोक सभा का चुनाव होने वाला है। एक बार फिर जनप्रतिनिधि जनता से वोट मांगने आएंगे।। संविधान निमार्ताओं का मंशा भी था । कम से कम पांच वर्ष बाद ही सही जनप्रतिनिधि एक बार फिर जनता के दरवाजे पर आए और पूछे कि तेरी इच्छा क्या है ? तू चाहता क्या है ? जो मैंने पांच साल में तेरी सेवा की है ,उससे तू कितना संतुष्ट है ? कहावत है ,मुर्गी जान से चली गई और मियां जी को मजा नहीं आया ! ऐसा तो नहीं हो रहा है । एक जागरूक नागरिक के नाते मेरे समझ से महानगर की कई समस्याए दिखती हैं और सोचता हूँ कि इनका समाधान कैसे हो ? कौन समाधान करेगा ? कौन ऐसा प्लेटफार्म हो जिस पर इन समस्याओं के सम्बंध में चर्चा हो ताकि इन समस्याओं के समाधान को पंख लग सकें।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के विकास की धुरी है। स्मार्ट सिटी के सपनों को साकार करने का बड़ा दायित्व प्राधिकरण पर है। कितना कर पाया या नहीं ,ये अलग विषय है लेकिन देश की राजधानी की नाक के नीचे अनधिकृत बस्तियों का शहर बनने से रोकने का गुरुत्तर दायित्व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का है। दुर्भाग्य से पिछले कई वर्ष से प्राधिकरण को एक अदद पूर्ण कालिक उपाध्यक्ष उपलब्ध नहीं है। एक समय में यहां कमिश्नर रैंक के सीनियर आईएएस अधिकारी प्राधिकरण नेतृत्व कर चुके हैं। अब तो बहुत समय से कलेक्टर साहब को ही अतिरिक्त चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है जो पहले ही बहुत सारे प्रशासनिक कामों के बोझ से लदे रहते हैं। ये एडहॉक व्यवस्था प्राधिकरण के औचित्य पर ही प्रश्न चिन्ह लगा रही है। राजनगर एक्सटेंशन सबसे नई आवासीय योजना है लेकिन अभी से उसकी मुख्य सड़क पर जाम रहता है। मेरठ से दिल्ली जाने वालों या दिल्ली से मेरठ मुजफ्फरनगर ,रुड़की ,हरिद्वार देहरादून जाने के लिए राजनगर एक्टेंशन की मुख्य सड़क एक मात्र रास्ता है। कोई अन्य विकल्प अभी तक खोजा नहीं जा सका है । पता ये चला है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर इसी रोड के सौदर्य करण के नाम पर करोड़ों की योजना स्वीकृत होकर आने वाली है। जबकि आवश्यकता ये है कि इस रोड के विकल्प में दूसरा मार्ग विकसित हो ताकि इस पर यातायात कम हो सके। गाजियाबाद में नगर निगम ने रोड साइड पर ही पार्किंग बना कर ठेके छोड़ दिये हैं । जिस कारण अधिकतर सड़कों पर सुगम यातायात बाधित हो रहा है। कुछ स्थानों पर तो लोग सड़कों पर ऐसी अस्तव्यस्त पार्किंग कर देते हैं कि कालोनियों के निवासियों को अपने घरों तक जाना भी कठिन हो जाता है। किसी समय की सबसे पॉश कालोनी गांधीनगर तो एक तरह से नर्क बन चुकी है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने जुमार्ने को अपनी आय का स्त्रोत बना लिया है जबकि ये न्याय के मूल सिद्धान्त के विरुद्ध है । दंड अपराध को रोकने के लिए है लेकिन प्राधिकरण ने बहुत सारे एरिया को आवासीय से व्यवसायिक बनाने के लिए एक राशि निर्धारित कर रखी है। परिणामस्वरूप लोग अधिक लाभ की चाहत में आवासीय को व्यवसायिक कराने को आकर्षित हो रहे हैं। सूची लंबी है लेकिन मूल बात इतनी सी है कि जनभावनाओं और जनाक्षाओं की पूर्ति के लिए भी कोई व्यवस्था बने। जनभावनाओं को जानने के लिए भी कोई मैकेनिज्म विकसित हो। जनता और जन प्रतिनिधियों के बीच सतत संवाद अवश्यक है।

**अब तो बहुत समय से कलेक्टर साहब को ही अतिरिक्त चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है जो पहले ही बहुत सारे प्रशासनिक कामों के बोझ से लदे रहते हैं। ये एडहॉक व्यवस्था प्राधिकरण के औचित्य पर ही प्रश्न चिन्ह लगा रही है।**

**गाजियाबाद में नगर निगम ने रोड साइड पर ही पार्किंग बना कर ठेके छोड़ दिये हैं । जिस कारण अधिकतर सड़कों पर सुगम यातायात बाधित हो रहा है।**

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने जुमार्ने को अपनी आय का स्त्रोत बना लिया है जबकि ये न्याय के मूल सिद्धान्त के विरुद्ध है । दंड अपराध को रोकने के लिए है लेकिन प्राधिकरण ने बहुत सारे एरिया को आवासीय से व्यवसायिक बनाने के लिए एक राशि निर्धारित कर रखी है।**

# चुनाव सेल को लेकर कमिश्नरेट में मची हुई है हलचल

## तलाशे जा रहे हैं सेफ और बेस्ट वर्किंग फेस



गाजियाबाद, करंट क्राइम। शुक्रवार को लखनऊ में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शीर्ष अधिकारियों और आयोग के प्रमुख अधिकारियों वाली मीटिंग होनी है। तो वहीं कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में भी आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनावी सेल एक्टिव मोड में लाने का प्रयास शुरू हो गया है। कुछ तैयारियों पर काम कर लिया गया है और कुछ पर कार्रवाई की जा रही है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के चुनाव सेल कार्यालय में बेस्ट, सेफ और वर्किंग फेस तलाशे जा रहे हैं ताकि यहां का काम बढ़िया ढंग से हो सके और कमिश्नरेट की मॉनीटरिंग भी बेस्ट चलती रहे।

### पेपर से लेकर प्रेजेंटेशन पर रखना होगा फोकस

करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार गाजियाबाद की चुनाव सेल से लगातार सूचनाओं और अलग-अलग प्रारूप में जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। ऐसे में चुनाव सेल थानों से लेकर चौकी और डीसीपी ऑफिस से लेकर एसीपी ऑफिस के बीच कोऑर्डिनेशन बैठने में लगी हुई है ताकि लखनऊ और शीर्ष अधिकारियों के कार्यालय से मांगे जाने वाली सूचना को हर हाल में समय पर पहुंचा जा सके और डाटा उपयुक्त हो। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि ऐसे पुलिसकर्मियों को यहां भेजे जाने पर विचार चल रहा है जिनकी वर्किंग फास्ट और बेस्ट हो।

# दिल्ली के रोहिणी में आभूषण की दुकान पर दो हमलावरों ने गोलीबारी की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रोहिणी के सेक्टर 20 स्थित आभूषण की एक दुकान में सेंध लगाने की असफल कोशिश के बाद दो हमलावरों ने वहां गोलियां चलाईं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें बुधवार रात करीब 8.40 बजे अमन विहार पुलिस स्टेशन के पास एक आभूषण की दुकान पर गोलीबारी की घटना के बारे में जानकारी दी गयी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और अपराध स्थल की जांच की। शिकायतकर्ता ने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रहे थे और जब वह इस काम में असफल रहे तो उनमें से एक ने खिड़की पर गोलियां चलाई और फिर दोनों भाग गए। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम का गठन किया गया है और भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), धारा 34 (सामान्य इरादा और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने कहा, इस मामले में आगे की जांच जारी है। हम आरोपियों की पहचान करने के लिए इस घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।



# हां मैंने ही...शाहजहां शेख का कबूलनामा, गिरफ्तारी पर पुलिस ने क्या बताया?

**कोलकाता।** पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को दावा किया कि संदेशखाली मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के शेख शाहजहां ने पिछले महीने प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला करने वाली भीड़ को उकसाने की बात कबूल की है। संदेशखाली में यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां को 55 दिनों तक फरार रहने के बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान 53 वर्षीय व्यक्ति ने 5 जनवरी को राशन घोटाला मामले में उसके परिसरों पर छापेमारी कर रहे जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमले में अपनी भूमिका स्वीकार की। शाहजहां को बशीरहाट कोर्ट में 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस की कार्रवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हुई कि शेख शाहजहाँ को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। यह राज्य पुलिस, सीबीआई या प्रवर्तन निदेशालय द्वारा किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी पुलिस को शाहजहाँ को गिरफ्तार करने के लिए 72 घंटे की समय सीमा दी थी। कई महिलाओं द्वारा शाहजहाँ और उसके सहयोगियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाने के बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन चल रहा है।



**सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान 53 वर्षीय व्यक्ति ने 5 जनवरी को राशन घोटाला मामले में उसके परिसरों पर छापेमारी कर रहे जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमले में अपनी भूमिका स्वीकार की। शाहजहां को बशीरहाट कोर्ट में 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।**

तृणमूल नेता पर आईपीसी की धारा 147 (दंगा करने का दोषी), 148 (घातक हथियार से लैस होकर दंगा करने का दोषी), 149 (गैरकानूनी सभा), 307 (हत्या का प्रयास), 333 (जो कोई भी स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाता है) के तहत आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में ही शेख के खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों के आधार पर शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ 376डी (सामूहिक बलात्कार) सहित कई मामले दर्ज किए गए हैं। उनके करीबी सहयोगी शिबाप्रसाद हाजरा और उत्तम सरदार को पहले इसी तरह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, पश्चिम बंगाल सीआईडी ने शाजहां के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में दुर्घटनावश गोली चलने से सेना का एक जवान घायल



**मेंढर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा(एलओसी) के पास दुर्घटनावश सर्विस राइफल से गोली चल जाने से भारतीय सेना का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा बुधवार रात में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर सेक्टर के बलनोई इलाके में यह जवान एक गश्ती दल का हिस्सा था। उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह फिसल गया और उसकी सर्विस राइफल से गोली चल गई। उसका बायां पैर जख्मी हो गया ,जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच अधिकारियों ने कहा कि बुधवार शाम को बलनोई में सीमा पर तारबंदी के पास एक जंग लगे हथगोले को नष्ट कर दिया गया। सेना को गश्त के दौरान हथगोला बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया।

# इंद्राणी मुखर्जी: डॉक्यू-सीरीज की रिलीज रोकने की मांग, सीबीआई की याचिका हाई कोर्ट ने कर दी खारिज

नई दिल्ली। बॉम्बे हाई कोर्ट ने नेटफ्लिक्स डॉक्यू-सीरीज, 'द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ' की रिलीज को रोकने की मांग करने वाली केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका को खारिज कर दिया है। इंद्राणी मुखर्जी की बेटी शीना बोरा के लापता होने पर आधारित डॉक्यूमेंट्री-सीरीज का प्रीमियर 23 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर होने वाला था। सीबीआई ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की सुनवाई पूरी होने तक इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी।

पिछले हफ्ते, नेटफ्लिक्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि वह 29 फरवरी तक सीरीज रिलीज नहीं करेगा। इससे पहले, सीबीआई ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए मुंबई की एक विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, कोर्ट ने 20 फरवरी को जांच एजेंसी की याचिका खारिज कर दी।

## डॉक्यूमेंट्री किस बारे में है?

यूएस-आधारित मेकमेक और इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा निर्मित, डॉक्यूमेंट्री का सह-निर्देशन उराज बहल और शाना लेवी द्वारा किया गया है। यह चार-भाग वाली डॉक्यूमेंट्री है जो शीना बोरा हत्या मामले के जटिल पहलुओं की पड़ताल करती है जिसने 2015 में देशव्यापी मीडिया का ध्यान आकर्षित किया था। बोरा हत्याकांड में पूर्व भारतीय मीडिया दिग्गज पीटर मुखर्जी और उनकी पत्नी इंद्राणी मुखर्जी मुख्य आरोपी हैं। पीड़िता इंद्राणी मुखर्जी के पहले पति की बेटी थी और अप्रैल 2012 के बाद उसे कभी नहीं देखा गया था। नेटफ्लिक्स के एक प्रेस नोट के अनुसार, डॉक्यूमेंट्री "कहानी के दोनों पक्षों" को प्रस्तुत करती है।



# 'मेरे हसबैंड तो हीरो थे...' घर पर बुलडोजर चलने पर बोली रैट माइनर की पत्नी

## मामले पर कांग्रेस-आप ने केंद्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण के विध्वंस अभियान के दौरान उस रैट माइनर के घर पर भी बुलडोजर चला दिया गया, जिसने पिछले साल उत्तराखंड में उत्तरकाशी की सिल्कयारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जान बचाने वालों में से एक था. डीडीए ने बुधवार को खजूरी खास में कई घरों को तोड़ा, इस दौरान रैट-होल माइनर वकील हसन भी बेघर गए हैं. एक वीडियो मैसेज में, हसन ने अधिकारियों पर बिना किसी नोटिस के उनका घर गिराने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि मेरा घर ही एकमात्र ऐसी चीज है, जो मैंने पुरस्कार के रूप में (उत्तराखंड बचाव अभियान के लिए) मांगी थी, लेकिन डीडीए ने बिना किसी नोटिस के मेरा घर तोड़ दिया। वकील हसन ने कहा कि सरकार ने मुझे आश्वासन दिया था कि उनके घर को नहीं छुआ जाएगा, लेकिन फिर भी तोड़ दिया गया. वीडियो में उनके साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के एक अन्य सदस्य मुन्ना कुरेशी भी थे, जिन्होंने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उन पर पुलिस के द्वारा बर्बरता की गई. उन्होंने पुलिस पर हसन के नाबालिग बच्चों को थाने लाकर पीटने का भी आरोप लगाया है।





डीडीए के द्वारा रैट माइनर के घर पर अतिक्रमण की कार्रवाई किए जाने के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं. कांग्रेस लीडर प्रियंका गांधी ने मामले पर सरकार को घेरते हुए एक वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो में वकील हसन की पत्नी इमोशनल होकर कह रही हैं कि मेरे हसबैंड तो उत्तरकाशी के हीरे थे, उन्होंने 41 मजदूरों की जान बचाई थी. सब उन्हें सम्मान दे रहे थे, आज उस सम्मान के बदले मेरा मकान ले लिया. मोदी जी हाथ जोड़कर कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास, हमारा विकास कहां है. उन्होंने आकर बच्चों को मारा-पीटा, बाहर निकाला और घर तोड़ दिया. वकील हसन, मुन्ना कुरैशी और मेरे बेटे को अंदर बंद कर दिया। हसन की पत्नी ने आगे कहा कि सबको ले जाकर थाने में बंद कर दिया गया, हम बच्चों के रिजल्ट तक भी नहीं निकाल पाए, सब उसमें ही रह गए. अब हम कहां जाएंगे, क्या सरकार हमें बताएगी कि हम कहां जाएंगे? कांग्रेस लीडर प्रियंका गांधी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वकील हसन ने अपनी जान जोखिम में डालकर उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों की जान बचाई थी। तब अपने प्रचार के लिए बीजेपी के बड़े-बड़े नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं थीं।

जब प्रचार खत्म हो गया तो आज उसी वकील हसन को थाने में बंद कर दिया और उनका घर तोड़कर उनके बच्चों के सिर से छत छीन ली. गरीबों का घर तोड़ना, उन्हें कुचलना, प्रताड़ित और अपमानित करना...यह अन्याय ही बीजेपी के अन्यायकाल की सच्चाई है. जनता इस अन्याय का जवाब जरूर देगी।

# लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मोदी सरकार ने सस्ती की 100 दवाएं, जानें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, बुखार सहित कौन-कौन सी टेबलेट हैं शामिल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में सरकार जनता को लुभाने का एक भी मौका नहीं छोड़ रही हैं। कुछ दवाएं लोगों के लिए बहुत आम हैं। आम लोग रोजमर्रा में में इसका उपयोग करते हैं। ऐसे में मोदी सरकार ने चुनाव से पहले कुछ दवाओं की कीमत कम कर दी है जिससे डायरेक्ट जनता को फायदा होगा। जानकारी के अनुसार दवा मूल्य निर्धारण नियामक एनपीपीए द्वारा कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, दर्द, बुखार, संक्रमण और अत्यधिक रक्तस्राव के उपचार में उपयोग की जाने वाली दवाओं और कुछ कैल्शियम सहित 100 दवाओं की खुदरा कीमतें तय करने के बाद गुरुवार को अस्थिर बाजार में फार्मास्युटिकल स्टॉक मिश्रित बैग थे। विटामिन डी3 अनुपूरक। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह कहे जाने के बाद कि सरकार ऐसी सेवाओं के लिए शुल्कों को मानकीकृत करने में विफल रही है, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) दरों को लागू करने के कारण अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शेयरों पर दबाव बना रहा।

## नियामक एनपीपीए ने 100 दवाओं की दरें तय कीं

देश के दवा मूल्य निर्धारण नियामक, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने बुधवार को 100 अतिरिक्त दवाओं की खुदरा कीमतें तय कीं। नियामक की आवश्यक दवाओं की सूची में एंटीटॉक्सिन, बच्चों के एंटीबायोटिक्स, कैल्शियम और विटामिन डी 3 की खुराक, और कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, दर्द, बुखार, संक्रमण और अत्यधिक रक्तस्राव के उपचार में उपयोग की जाने वाली दवाएं शामिल हैं। नियामक के इस कदम से 69 नए फॉर्मूलेशन सहित 100 दवाओं की कीमतों में कमी आने वाली है।



## सूची में मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, बुखार, संक्रमण की दवाएं

एनपीपीए ने 28 फरवरी के एक आदेश में कहा, ₹निमार्ता वस्तु एवं सेवा कर तभी जोड़ सकते हैं जब उन्होंने वास्तव में भुगतान किया हो या यह खुदरा मूल्य पर सरकार को देय हो।₹ सूची में फार्मास्युटिकल कंपनियों कैडिला, सन फार्मा, अल्केम लैब्स, टोरेंट फार्मा, सिप्ला, ल्यूपिन और मैनकाइंड द्वारा निर्मित कुछ दवाएं शामिल थीं। ऑर्डर के मुताबिक, इसमें सिप्ला की लेवेतिरासेटम (एक्सटेंडेड-रिलीज), और सीताग्लिप्टिन फॉस्फेट, मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड और ग्लिमेपिरिड टैबलेट, ल्यूपिन की एस्सिटालोप्राम ऑक्सालेट, और सन फार्मा की ट्रैनेक्सैमिक एसिड टैबलेट और कैडिला फार्मास्यूटिकल्स की डिक्लोफेनाक डायथाइलमाइन, मिथाइल सैलिसिलेट और मेन्थॉल टॉपिकल स्प्रे शामिल हैं।

संशोधित कीमतें प्रभावित दवाओं की पैकिंग के नए बैचों पर मुद्रित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, दवा निमार्ताओं को अपने संबंधित डीलर नेटवर्क को नई कीमतों की रिपोर्ट करने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण देश में उचित मूल्य पर दवाओं की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर आवश्यक दवाओं और फॉर्मूलेशन की खुदरा कीमतों की समीक्षा और निर्धारण करता है।

# हिमाचल संकट: जयराम रमेश बोले- तथाकथित चाणक्य पूरी तरह से फेल हो गए

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में जारी राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता राज्य में निर्वाचित कांग्रेस सरकार को गिराने और अस्थिर करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पार्टी के नेताओं के हस्तक्षेप और कांग्रेस के पर्यवेक्षकों की तत्परता के कारण पहाड़ी राज्य में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। राज्यसभा चुनाव के बाद हिमाचल प्रदेश में उत्पन्न हुई सियासी संकट पर फिलहाल कुछ महीनो का ब्रेक लगता दिखाई दे रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि हिमाचल को लेकर मीडिया में तरह-तरह की बातें चल रही हैं। लेकिन हम एक बात बिल्कुल स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं। हिमाचल में प्रधानमंत्री और तथाकथित चाणक्य पूरी तरह से फेल हुए हैं। कांग्रेस नेतृत्व के हस्तक्षेप और हमारे पर्यवेक्षकों की तत्परता के बाद वहां स्थिति पूरी तरह से कांग्रेस के नियंत्रण में है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे राज्यों की तरह बीजेपी ने हिमाचल में भी जनता द्वारा चुनी हुई कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार को अस्थिर करने के लिए धनबल, सत्ताबल और बाहुबल का खेल शुरू किया था। लेकिन वे विफल रहे क्योंकि हिमाचल की जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। इस घटना के बाद हमारे संकल्प और मजबूत हुए हैं। हम हिमाचल के लोगों की सेवा करते रहेंगे। हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल तब सामने आई जब भाजपा ने दावा किया कि सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में थी, जब सुक्खू ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट जीती थी, जिसमें उसके उम्मीदवार हर्ष महाजन ने क्रॉस-वोटिंग वाले चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज सिंघवी को हराया था। मुख्यमंत्री सुक्खू ने पुष्टि की कि उनकी सरकार बहुमत में है और अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। कांग्रेस ने पार्टी विधायकों से बात करने और फिर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में भूपेश बघेल, डीके शिवकुमार और भूपिंदर हुड्डा को नियुक्त किया था।



# मध्य प्रदेश के डिंडौरी में भीषण सड़क हादसा, 14 लोगों की मौत , 21 घायल

**डिंडौरी।** मध्य प्रदेश के डिंडौरी में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जिले के बड़झर घाट पर एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 14 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। इस सड़क एक्सीडेंट में 21 घायल हो गए।

घायलों का इलाज शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस हादसे में राज्य के सीएम मोहन यादव ने शोक प्रकट किया। वहीं उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायाता का ऐलान किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

बताया जा रहा है कि ये सभी लोग सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने शहपुरा थाना इलाके के अमाही देवरी गांव से मसूरघुघरी थाना इलाके के निवास क्षेत्र में गए थे। वापसी पर बड़झर घाट उतरते समय उनकी पिकअप गाड़ी का ब्रेक फैल हो गया। इस वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में पलट गई।





**मध्य प्रदेश के डिंडौरी में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जिले के बड़झर घाट पर एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 14 लोगों की मौत हो गई है**

हादसे के शिकार लोग एक गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। हादसे के घायलों का शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना में हताहत लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# युवती लापता , अपहरण की आशंका

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी 20 वर्षीय पुत्री बुधवार को किसी काम से बाजार गई थी,लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी जब युवती नहीं मिली तो परिजनों ने मेरठ के मवाना के एक गांव निवासी युवक पर अपहरण का शक जाहिर किया है। पुलिस ने नसीम निवासी गांव बिराना थाना मवाना मेरठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# डॉ भीमरॉव अम्बेड़कर पार्क से लाखों का सामान चोरी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित डीसीपी ग्रामीण कार्यालय के पास डॉ.भीमरॉव अम्बेड़कर पार्क परिसर में बने कमरे की बेसमेंट की दीवार तोड़कर लाखों का सामान चोरी हो गए। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने इस संबंध में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है। दलित समाज के लोगों ने जल्द से जल्द बदमाशों को पकड़ने की मांग की है। पूर्व सभासद रोहताश कुमार ने बताया कि बदमाश बेसमेंट में रखा लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी करके ले गए है। तीन दिन पहले ही सभासद नितिन कुमार ने पार्क की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन दिया है। अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी जल्द बदमाशों को पकड़ने की कह रहे है।

# मुफ्त बिजली को लेकर मोदी सरकार का बड़ा कदम, सोलर रूफटॉप योजना को मंजूरी, सेमीकंडक्टर पर भी बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र ने गुरुवार को एक करोड़ घरों के लिए 75,000 करोड़ रुपये की छत सौर योजना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पीएम मोदी की अगुवाई में कैबिनेट की बैठक हुई। 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' को आज मंजूरी मिल गई है, इस योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। प्रत्येक परिवार को 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 और 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 की सब्सिडी मिल सकती है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर खरीफ सीजन 2024 (1 अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों और एनबीएस योजना के तहत 3 नए उर्वरक ग्रेड को शामिल करने को मंजूरी दी। सरकार एनबीएस आधारित पोषक तत्वों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी।



अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने भारत में मुख्यालय वाले इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की स्थापना को मंजूरी दी और 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये के एकमुश्त बजटीय समर्थन को भी मंजूरी दी। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आज प्रधानमंत्री ने देश में सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने का अहम फैसला लिया है। पहला वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब टाटा और पावरचिप-ताइवान द्वारा स्थापित किया जाएगा, जिसका संयंत्र धोलेरा में होगा।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले 100 दिनों के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण शुरू हो जाएगा। प्रति माह 50,000 वेफर का निर्माण किया जाएगा। इस सुविधा के जरिए सालाना 300 करोड़ चिप्स का निर्माण किया जाएगा। पूर्वोत्तर को अपनी पहली सेमीकंडक्टर यूनिट असम में मिलेगी। यहां से प्रतिदिन 48 मिलियन चिप्स का निर्माण किया जाएगा। तीनों इकाइयों में संचयी निवेश एक लाख छब्बीस हजार करोड़ होगा। ब्रेकडाउन यह है कि में निवेश 91,000 करोड़ होगा। असम इकाई में 27,000 करोड़ का निवेश होगा। साणंद यूनिट में 7,600 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गठबंधन दांव में गाजियाबाद से सबसे मजबूत माना जा रहा है अमरपाल शर्मा का नाम

## विधानसभा से लेकर नगर पालिका तक हासिल किया है एक मुकाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गठबंधन हो गया है और समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से हाथ मिलाते हुए उसके लिए 17 सीटें छोड़ी हैं। इन सीटों में गाजियाबाद की लोकसभा सीट भी शामिल है। सपा ने यहां कांग्रेस के लिए सीट तो छोड़ दी है लेकिन एक बड़ा सवाल ये भी है कि कांग्रेस के पास ऐसा कौन सा चेहरा है जो यहां मजबूती से चुनावी दंगल में आ सकता है। कांग्रेस के नेता तो पहले दिन से कह रहे हैं कि सीट समझौते में कांग्रेस के पास आई है लेकिन कांग्रेस हाईकमान को यहां उम्मीदवार भी कैलीबर वाला देना चाहिए। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इस बात को कह चुके हैं। कांग्रेस के कई नेता इसी राय से सहमत हैं और जमीनी हकीकत ये है कि कांग्रेस के पास फिलहाल ऐसा चेहरा नहीं है। वो गठबंधन में आ रही है मगर यहां मजबूत उम्मीदवार की तलाश है। सियासी समीकरण की बात करें तो अब गठबंधन वाले दांव में सबसे मजबूत नाम अमरपाल शर्मा का माना जा रहा है। हालांकि अमरपाल शर्मा ने अपने चुनावी पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन सियासी रणनीतिकार इस नाम को मजबूत मान रहे हैं। उसकी वजह भी अमरपाल शर्मा का पोलिटिकल ट्रैक रिकार्ड बताया जाता है। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे पहले जीत कर विधायक बनने का रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं।

कठिन सियासी झंझावातों के बीच उन्होंने अपनी सियासी ताकत का मुलाहिजा किया है। खोड़ा नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन वाली सीट पर उन्होंने भाजपा को हराकर अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को यहां जीत दिलाई है। अमरपाल शर्मा चुनावी खिलाड़ी हैं कई चुनाव लड़ चुके हैं और वो चुनावी माहौल को बेहतर भांपते हैं। ऐसे में यहां सपा और कांग्रेस दोनों के पास ही ये वो नाम है जो उन्हें चुनावी रण में मजबूती देगा।



### राममयी है मन अयोध्या में भेजी थी भंडारा सामग्री कई टन

करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन हैं। वह निर्दलीय चुनाव जीतीं हैं और अमरपाल शर्मा ने भी अपनी सियासी पारी को लेकर दल वाले संकेत नहीं दिये हैं। वो अपनी ताकत को अपने दम पर दिखाते हैं। उनके पास एक मजबूत टीम है और उनके समर्थक उन्हें चुनाव लड़ाते हैं। जिन्हें लगता है कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा सियासी विचारधारा पर चलेंगे तो वो खुद को करैक्ट कर लें। अमरपाल शर्मा पूरी तरह से राममयी हैं। राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह में उनकी भागीदारी रही है। आस्था और श्रृद्धा के साथ उन्होंने अयोध्या में कई टन भंडारा सामग्री भेजकर प्रभु राम के प्रति अपनी भक्ति का परिचय दिया था। पहले भी वह कई धार्मिक और समाजिक आयोजनों में पूरे सहयोग के साथ अपनी सहभागिता दिखाते रहे हैं।

### ब्राह्मण समाज से लेकर धौलाना, लोनी और मुरादनगर तक दी है चुनावी दस्तक

करंट क्राइम। अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक हैं और लोकसभा का चुनावी चेहरा माने जा रहे हैं। उनकी अपनी टीआरपी है और इसका मुलाहिजा वो कई बार कर चुके हैं। बीते दिनों लोनी में एक ब्राह्मण सम्मेलन हुआ और इस सम्मेलन में अमरपाल शर्मा का जो भव्य स्वागत ब्राह्मण समाज ने किया वो अमरपाल शर्मा की अपनी बिरादरी में टीआरपी बताने के लिए काफी था। अमरपाल शर्मा ने खुद को खोड़ा की राजनीति तक सीमित नहीं किया है। वो लोकसभा का फेस हैं और उन्होंने अपने इस बेस को बताया भी है। धौलाना और मुरादनगर में उनके कई होर्डिंग लगे हैं। अगर अमरपाल शर्मा कोई कार्यक्रम इन विधानसभाओं में करते हैं तो यहां उनके समर्थक आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में होर्डिंग लगाकर अमरपाल शर्मा ने संदेश तो दिया है लेकिन वो लोकसभा चुनाव में क्या स्टैण्ड लेते हैं ये अभी उनके ऊपर निर्भर है।

### कांग्रेस और सपा कहां से लायेगी लोकसभा रण में चुनावी फौज

करंट क्राइम। कटु सत्य यह भी है कि सपा और कांग्रेस ने हाथ तो मिला लिये हैं लेकिन एक दूसरे का साथ देने के लिए चुनावी रण में वो फौज कहां से लायेंगे। पहले भी गठबंधन में चुनाव हुआ था और तब भी सीन ये रहा था कि साईकिल वाले अध्यक्ष तो जाकर बैठ गये थे लेकिन कार्यकर्ता फोर्स गायब थी। सीन कांग्रेस के साथ भी यही है और जब विपक्ष का समय होता है तो ये सियासी संकट हर राजनीतिक दल झेलता है। ऐसे में दोनों ही दलों को चुनावी रण में एक ऐसे चेहरे की मजबूती से तलाश है जिस चेहरे के पास अपनी टीम है। चुनावी रण में चुनौती बड़ी है और यहां मजबूत चेहरा ही टिक पायेगा।

# अयोध्या से लौटे सभी यात्री श्रद्धालुओं का जनरल वी के सिंह एवं उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह ने किया स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद एवं केंद्रित सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह की सुपुत्री मृणालिनी सिंह एवं उनकी पूरी टीम ने शाम 04:00 बजे गाजियाबाद जंक्शन स्टेशन पर अयोध्या धाम से राम मंदिर में राम लल्ला के दर्शन कर लौट रहे गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के सम्मानित लोगों का स्वागत किया।

ढोल नगाड़ों के साथ सांसद जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद जंक्शन से पवित्र अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना की थी, यह ट्रेन 28 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे तक अयोध्या पहुँची। ट्रेन में सभी यात्री श्रद्धालुओं का जनरल वीके सिंह जी ने अयोध्या में स्वागत भी किया। भजन कीर्तन गाते हुए सभी श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुँच कर आराध्य देव भगवान श्री राम के दर्शन किये। इस तीर्थ दर्शन यात्रा में जनरल वीके सिंह अपनी सुपुत्री एवं सहयोगियों के साथ अयोध्या धाम पहुँचे थे, वहां उन्होंने सभी की दर्शन के लिए उचित व्यवस्था करायी और स्वयं भी भगवान श्री राम के पुनः दर्शन किये।

उसके बाद यह ट्रेन 29 फरवरी को सुबह 04:00 बजे अयोध्या धाम से चली और आज शाम 04:00 बजे गाजियाबाद जंक्शन पहुँची, जहां इसका भव्य स्वागत किया गया। मन से प्रफुल्लित होकर दर्शन कर सभी क्षेत्रवासियों ने जनरल साहब को अपना स्नेह, प्यार और आशीर्वाद दिया।

# मधुबन बापूधाम के जंगलों में तेंदुए की दहशत के बाद अलर्ट हुई वन विभाग की टीम

## रात और दिन में चलाया जा रहा है सर्च ऑपरेशन





## कम नहीं हो रही है तेंदुए की दहशत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद जिले में तेंदुए की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के जंगलों का बताया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार 25 फरवरी को यहां तेंदुए देखे जाने की सूचना आई थी। जिसके बाद मधुबन बापूधाम के जंगलों में वन विभाग की टीम ने कांबिंग के लिए टीमों को तैनात किया है। टीमें रात दिन यहां तेंदुए की घेराबंदी के लिए बाड़ा और जाल लगाने के साथ ही रात को हाथों में डंडे और टॉर्च लेकर तैनात की गई हैं। हालांकि बीते कई दिनों से तेंदुआ यहां नजर नहीं आ रहा है लेकिन वन विभाग अलर्ट है कि वह कहीं किसी पर हमला न कर दे। पहले भी गाजियाबाद में तेंदुए का कहर कई इलाकों में रह चुका है। तेंदुए की दहशत गाजियाबाद के आरडीसी इलाके से लेकर कचहरी और मसूरी से लेकर वेव सिटी के जंगलों में पहले भी देखी गई है।

**पहले भी गाजियाबाद में तेंदुए का कहर कई इलाकों में रह चुका है। तेंदुए की दहशत गाजियाबाद के आरडीसी इलाके से लेकर कचहरी और मसूरी से लेकर वेव सिटी के जंगलों में पहले भी देखी गई है।**

### पंजों के निशान मिलने के बाद टीम ने लगाया पिंजरा

करंट क्राइम। मधुबन बापूधाम के जंगलों में तेंदुए के पंजों के निशान मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने दो पिंजरे लगा दिए हैं। साथ ही पिंजरे में शिकार की रखा है ताकि अगर तेंदुए को उसकी गंध आए तो वह आसपास आए और उसे पकड़ा जा सके। पहले भी गाजियाबाद के कई इलाकों में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने का अभियान चलाया गया था लेकिन उसमें सफलता नहीं मिली थी। इसी के साथ वन विभाग की टीम में स्थानीय लोगों और लोकल थाना पुलिस को भी सूचना दी है कि रात के समय और सुबह के वक्त तेंदुए को लेकर लोग सतर्क रहें।

# क्या कमर तोड़ू स्पीड ब्रेकर को लेकर सीएम का आदेश भूल गए हैं अधिकारी

**हापुड़ रोड पर कई जगह नियमों के विपरीत किया गया पुन:निर्माण**

गाजियाबाद, करंट क्राइम । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साल सड़क बनाने वाली एजेंसियों और निर्माण विभाग को निर्देश दिया था कि सड़क पर कमर तोड़ू स्पीड ब्रेकर न बनाए जाएं। जहां पर भी ऐसे स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, तत्काल उनको हटाया जाए। समय बीता और सूबे के मुख्यमंत्री का आदेश भी हवा हवाई हो गया। बीते दिनों गाजियाबाद में हापुड़ रोड पर सड़क का निर्माण किया गया है और सड़क के निर्माण के साथ ही कई जगह स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। जो नए स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं वह बेहद लंबे और ऊंचे हैं। जिसकी वजह से वहां से निकलने वाले वाहन चालकों को और सुविधा हो रही है। साथ ही हादसे होने का भी लगातार डर भी बना हुआ है।

## अभी तक नहीं लगाई गई है सफेद रंग की पट्टी

### थोड़ी-थोड़ी दूरी पर बने हैं कमर तोड़ू स्पीड ब्रेकर



**करंट क्राइम।** हापुड़ रोड मुख्य मार्ग पर शास्त्री नगर मार्ग से लेकर गोविंदपुरम के बीच में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर पुलिस लाइन के आगे तक स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, जो बेहद लंबे और ऊंचे बनाए गए हैं। साथ ही मानकों के अनुरूप इसका निर्माण नहीं किया गया है और रात में सुरक्षा के लिए सफेद रंग की पट्टी भी नहीं बनाई गई है। ऊंचे और कमर तोड़ू स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों को नजर नहीं आ रहे हैं और उनकी रफ्तार बिगड़ने के साथ ही हादसों का डर भी बना हुआ है।

### संभल कर चलें वाहन चालक वरना हो सकता है हादसा






**करंट क्राइम।** बीते दिनों बनाए गए यह कमर तोड़ू स्पीड ब्रेकर लोगों की लाइफ लाइन के लिए खतरा भी बन सकते हैं। फिलहाल लोगों को इनका एहसास नहीं हो रहा है। कार सवार अभिषेक का कहना है कि स्पीड ब्रेकर की हाइट बहुत अधिक है जो गाड़ी के निचले हिस्से में टच हो रही है और वाहन में नुकसान हो रहा है। वहीं बाइक चालक वीरेंद्र का कहना है कि यह इतने लंबे हैं की बाइक इस पर उछल रही है, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। वहीं अधिक स्पीड पर होने की वजह से अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं क्योंकि इस पर अभी पट्टी व रंग भी नहीं किया गया है।

### यातायात पुलिस या संबंधित विभाग को लेना चाहिए संज्ञान

करंट क्राइम। ब्सड़क चौड़ीकरण का काम बीते दिनों किया गया है। इसके बाद यहां स्पीड ब्रेकर का भी निर्माण किया गया था। स्पीड ब्रेकर ऊंचे और लंबे बना दिए गए हैं। जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही है। यातायात पुलिस या निर्माण करने वाले संबंधित विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए ताकि यहां किसी की जान बचाई जा सके।



# इन्दिरापुरम की टेकओवर धरना मुहिम से खींचे डॉ अनिल तोमर ने हाथ

## कहा जहां तक पत्राचार की बात मैं वहीं तक हूं आपके साथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन्दिरापुरम की पार्षद वाली कहानी भी अजीब है। यहां नगर निगम का चुनाव हुआ है।यहां जनता ने नगर निगम के पार्षदों को चुना है। एक नहीं दो नहीं तीन नहीं बल्कि पांच वार्डों के पार्षदों को जनता ने वोट देकर चुना है। मगर कहानी का सबसे बड़ा खोट ये है कि ये पार्षद एक भी विकास कार्य नहीं करा सकते। नगर निगम में इनके लिए कोटा नहीं है। वजह यह है कि इन्दिरापुरम का क्षेत्र नगर निगम सीमा में ही नहीं आता है। इन्दिरापुरम जीडीए के क्षेत्र में आता है और पार्षद नगर निगम के हैं। कमाल ये भी है कि ये पांचों पार्षद भाजपा के हैं और उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की है। नगर निगम में 100 वार्ड वाले सदन में 73 पार्षदों के साथ भाजपा काबिज है। मेयर भाजपा की हैं और उसके बाद भाजपा के ये पांच पार्षद इन्दिरापुरम क्षेत्र को नगर निगम को टेकओवर वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। अपनी सरकार में कभी अधिकारी के यहां तो कभी जनप्रतिनिधि के यहां जा रहे हैं। इन्दिरापुरम के इन पार्षदों में अब लड़ाई को और अधिक धार देते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। उन्होंने धरना देने की बात कही। दैनिक करंट क्राइम में ये खबर प्रकाशित भी हुई और यहां पर इस मुहिम में आंच तब आ गई जब पांच में से एक पार्षद को पार्टी याद आ गई। उन्होंने धरने से परहेज कर लिया और पत्राचार वाली लड़ाई से इंकार नहीं किया। ये पार्षद वार्ड 98 के डॉ अनिल तोमर हैं। डॉ अनिल तोमर ने कह दिया कि अगर पत्राचार के साथ अपनी मांग जा रही है तो मैं पार्षदों के साथ हूं मगर अपनी ही सरकार में धरने पर बैठने के पक्ष में मैं नहीं हूं। पत्राचार तक मैं साथ हूं। अब पांच में से एक पार्षद के बाद चार पार्षद बचे हैं और इस मुहिम को झटका लगा है।

### किसके फोन के बाद ले लिया भाजपा पार्षद ने धरने से यू-टर्न



करंट क्राइम। जो पार्षद एक साथ सब जगह जा रहे थे। टेकओवर की मांग उठा रहे थे।निगम की बैठकों में भी एक साथ थे और अब वो इस रण को और अधिक मजबूती देने के लिए धरने का ऐलान कर रहे थे। सूत्र बताते हैं कि यहां पर एक फोन ने पूरे गेम को चेंज कर दिया। ये फोन भाजपा के किसी जनप्रतिनिधि का नहीं था। ये फोन भाजपा संगठन के किसी पदाधिकारी का नहीं था। फिर ये किसका फोन था जो इस फोन के बाद भाजपा के पार्षद डॉ अनिल तोमर की टोन ही बदल गई। सूत्र बताते हैं कि कुल में दीप जलाने वाले इस फोन के बाद मामला बदला। उन्होंने यहां पार्षद को एडवाइज दी कि लोकसभा चुनाव पास हैं और ऐसे में अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठने का गलत संदेश जायेगा। इसके बाद सीन बदल गया और पार्षद का इरादा ही बदल गया।



### होली के महीने में बरसेगा भगवा धरने वाला रंग

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम के एक पार्षद ने भले ही दूरी बना ली हो लेकिन टेकओवर वाली डिमांड को लेकर बाकी चार का मानना है कि अब कोई मजबूरी नहीं होनी चाहिए। मांग बिल्कुल जायज है और ये पूरी होनी चाहिए। ऐसे तो पांच तो निकल जायेंगे और पब्लिक ने हमें चुना है तो विकास कब करवायेंगे। बताया जा रहा है कि होली के महीने में भगवा धरने का रंग बरसेगा। जो पार्षद इन्दिरापुरम क्षेत्र में आते है उनमें संजय सिंह वार्ड 100 से पार्षद हैं। प्रीति जैन वार्ड 99, डॉ अनिल तोमर वार्ड 97, धीरज अग्रवाल वार्ड 81 और हरीश कड़ाकोटी वार्ड 79 से पार्षद हैं।

### इन्दिरापुरम टेकओवर को लेकर पार्षदों ने की मेयर से मुलाकात



करंट क्राइम। इंदिरापुरम की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षद महापौर सुनीता दयाल से मिले। पार्षदों की इंदिरापुरम हैंडओवर मुद्दे पर बात हुई और महापौर ने सभी पार्षदों को यकीन दिलाया बहुत जल्द जल्द इंदिरापुरम हैंडओवर होगा। मेयर ने जीडीए सचिव से फोन पर बातचीत भी की। सभी पार्षद मौजूद थे और पॉजिटिवली हस्तांतरण की बात हुई। उससे पहले पांचो पार्षदगण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और जिलाधिकारी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। व्यस्तता के कारण उन्होंने अपने ओएसडी को समस्या सुनने के लिए बोला। पार्षदों ने एक पत्र ओएसडी को दिया और उन्होंने भरोसा दिया उपाध्यक्ष को पत्र के माध्यम से इंदिरापुरम की समस्याओं को अवगत कराएंगे और समस्याओं का समाधान होगा।

## संपादकीय

# प्रभावी हो सकता है सपा कांग्रेस गठबंधन!

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से भाजपा पूरी तरह वाकिफ थे। सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साहित हैं क्योंकि पहली बार जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को यह विश्वास हो रहा है कि सीटों के बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राज्य में भाजपा को हराया जा सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के राज्य नेता घबड़ाये हुए हैं, हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें राज्य की कुल 80सीटों में से 65 सीटें मिलेंगी। लेकिन भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था।

अखिलेश और अन्य सपा नेताओं के शामिल होने के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बड़े समर्थन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राज्य की महत्वपूर्ण 80सीटों के लिए लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे में तेजी लाने के लिए मजबूर किया। जिस तरह से लखनऊ और अन्य स्थानों पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय ने भाग लिया, उसने समाजवादी पार्टी नेतृत्व को लोगों के मूड को समझने के लिए मजबूर कर दिया।

कांग्रेस नेतृत्व को भी इस बात का अहसास था कि सीट बंटवारे के बाद ही अखिलेश यादव यात्रा में शामिल होंगे, इसलिए उन्होंने भी सीट बंटवारे में तेजी ला दी। शुरूआत में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 सीटें चाहती थी लेकिन बाद में 17सीटों पर समझौता कर लिया और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी को एक सीट देने पर राजी हो गई। कांग्रेस को प्रतिष्ठित वाराणसी सीट मिली जहां उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ा था। शुरूआत में समाजवादी पार्टी ने वाराणसी को अपनी सूची में शामिल किया था, परन्तु बातचीत के बाद उसने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी।अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों में विभाजन को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं पर हाथ मिलाने के लिए शक्तिशाली मुस्लिम समुदाय का जबरदस्त दबाव था। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अधिकांश मुस्लिम वोट समाजवादी पार्टी को मिले थे, लेकिन लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राहुल गांधी के आक्रामक रवैये के कारण मूड कांग्रेस की ओर हो गया, जो लगातार भाजपा पर हमला कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पास अब चुनाव लड़ने के लिए 63 सीटें हैं और पार्टी छोटे दलों और जाति आधारित समूहों के साथ इस सीटों को साझा कर सकती है।

समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित समुदाय में प्रभाव रखने वाले चंद्र शेखर रावण की भीम आर्मी, शक्तिशाली राजपूत नेता और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह की जनसत्ता दल, जिसे राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, महान दल और अन्य के साथ बातचीत करेगी।

# समुद्र में समाता 12 हजार की आबादी वाला देश

कल को सुरक्षित करने के लिए हमें आज ही कठोर फैसले लेने होंगे। सोशल मीडिया पर दो साल पहले एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। तुवालु के विदेश मंत्री ने ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में समुद्र में घुटने तक पानी में खड़े होकर भाषण दिया। जिस जगह वो खड़े थे वो कभी सूखा इलाका हुआ करता था। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से अब वहां पर पानी भर चुका है। कोफे अपने इस तरीके के जरिए दुनिया और यूएन को संदेश देना चाहते थे कि जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज करने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। तुवालु कहां है और वहां कितने लोग रहते हैं?

तुवालु पश्चिम मध्य प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश है। जो हवाई और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित है। यहां एक अंगूठी के आकार की मूंगा चट्टान पर स्थित है, जिसके किनारे पर 9 खूबसूरत द्वीप है। इस जगह का आकर्षण यहां की प्राकृतिक खूबसूरती है। इसकी आबादी लगभग 11,500 है, जो इसे दुनिया के सबसे छोटे देशों में से एक बनाती है। एक पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश, इसे 1978 में स्वतंत्रता मिली। ब्रिटिश सम्राट अभी भी देश के प्रमुख है। प्रशांत महासागर के तुवालु द्वीप के नए प्रधानमंत्री की घोषणा हो गई है। देश के पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टीओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। छोटे प्रशांत द्वीप राष्ट्र में चुनाव शायद ही कभी सुर्खियाँ बनती हैं। लेकिन यहां मामला थोड़ा उलट है और 16 सीटों वाली संसद के सदस्यों वाले तुवालु के चुनाव पर चीन-अमेरिका समेत सभी देशों की नजर थी। तुवालु में हुए बदलाव ने अमेरिका, ताइवान और ऑस्ट्रेलिया की नींद उड़ा दी है।



### ताइवान के लिए क्यों जरूरी है तुवालु

आजादी मिलने के बाद तुवालु ने एक ऐसा फैसला लिया जिससे उसके डिफ्लोमैटिक एहमियत काफी बढ़ गई। आजादी मिलने के एक साल बाद 1979 में तुवालु ने ताइवान को मान्यता दे दी। ताइवान को चीन अपना अभिन्न हिस्सा बताता है। तुवालु ताइवान को मान्यता देने वाले 12 देशों में से एक है। मगर नए प्रधानमंत्री के आने के बाद समीकरण बदलने की आशंका है। कहा जा रहा है कि नई सरकार ताइवान को मान्यता देने पर पुनर्विचार कर सकती है और तुवालु चीन की ओर झुक सकता है। प्रशांत महासागर में स्थित नाउरू ने भी हाल ही में अपना समर्थन ताइवान से बदलकर चीन को दे दिया है।

### अमेरिका को लीगल एक्शन की धमकी

1997 में जापान के क्वेटो में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते रखी गई मीटिंग में तय हुआ की सभी देश कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अपना योगदान देंगे। इस समझौते को क्योटो प्रोटोकॉल नाम दिया गया। अमेरिका ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। अमेरिका को कई बार मनाने की कोशिश की जा रही थी लेकिन बात नहीं बन पाई। इससे तुवालु नाराज हुआ और कहा कि अगर इसमें शामिल नहीं होता है तो हम किरिबाती और मालदीव के साथ मिलकर अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### चीन क्यों चाहता है साथ

साल 2022 में तुवालु के प्रधानमंत्री कासो नतानो ने ताइवान की यात्रा की और उसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। लेकिन हालिया वर्षों में जियोपॉलिटिक्स बदलने लगी है। चीन अपना प्रभाव ताइवान को मान्यता देने वाले छोटे द्वीपों में बढ़ा रहा है। ताइवान को मान्यता देने वाले देशों की संख्या में जितनी कमी आएगी। चीन की वन चाइना पॉलिसी को उतना ही ज्यादा फायदा होगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस तरह ताइवान चीन के हिस्से के रूप में शामिल करना बीजिंग के लिए आसान हो जाएगा। 2019 में किरिबाती और सोलोमन द्वीप ने ताइवान के साथ अपने राजनयिक संबंध समाप्त कर दिए थे। उस वक्त ताइवान के तत्कालिक विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा था कि चीन की डॉलर कूटनीति और बड़ी मात्रा में विदेशी सहायता के झूठे वादे की वजह से सोलोमन द्वीप ने ताइवान के साथ रिश्ते तोड़े हैं।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचार्ओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषत: विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है।

# साइबर बुलिंग, इंटरनेट हेट, फॉक्स चैनल के टॉप एजेंडे पर रहीं

**अमेरिका।** अमेरिकी कार्यकर्ता मोनिका लेविंस्की आगामी संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में लोगों से मतदान करने का आग्रह करने के अपने अभियान के तहत एक प्रमुख फैशन ब्रांड के लिए मॉडल बन गई हैं। 50 वर्षीय महिला कपड़ों के ब्रांड रिफॉर्मेशन की नवीनतम वोटिंग पहल का चेहरा हैं। व्हाइट हाउस की पूर्व प्रशिक्षु लेविंस्की, जिनके तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ संबंध ने 1990 के दशक के अंत में एक राजनीतिक भूचाल पैदा कर दिया था। आइए एक नजर डालें कि इस घटना के बाद से उन्होंने खुद को कैसे नया रूप दिया है।

### क्लिंटन स्कैंडल क्या था?

1998 में उनके और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन के अफेयर का खुलासा होने के बाद से लेविंस्की की दुनिया पूरी तरह से बदल गई। इस स्कैंडल की वजह से 49 वर्षीय डेमोक्रेटिक नेता को महाभियोग का सामना करना पड़ा। क्लिंटन और लेविंस्की की फोन पर बातचीत की रिकॉर्डिंग वायरल हो गई थी। क्लिंटन और लेविंस्की की फोन पर बातचीत क्लिंटन को अंतत: सीनेट द्वारा बरी कर दिया गया।

### क्या थी दोनों के अफेयर की कहानी

1995 में लेविस एंड क्लार्क कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद मोनिका को एक पारिवारिक दोस्त की बदौलत व्हाइट हाउस में एक प्रशिक्षु के तौर पर काम करने का मौका मिला। मोनिका की उम्र उस वक्त केवल 22 साल थी। प्रशिक्षण के बाद मोनिका को पेड इंटर्न के तौर पर नियुक्त किया गया। इसी दौरान वह पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के संपर्क में आई और उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हो गई। पिछले कुछ वर्षों में क्लिंटन के साथ अपने अफेयर की खबरें आने के बाद उन्होंने अपनी आपबीती के बारे में खुलकर बात की है। इन दोनों का प्यार कई साल तक परवान चढ़ा और इस बीच दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी बने, लेकिन इस बात को किसी को खबर तक नहीं लगी।

### मोनिका लेविंस्की ने कैसे अपनी कहानी बयां की

स्कैंडल के बाद लेविंस्की ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने 2015 में ळएऊटॉक के साथ अपनी सार्वजनिक चुप्पी तोड़ी और तब से अपने कष्टदायक अनुभव के बारे में मुखर रही हैं। लेविंस्की महिलाओं के लिए एक वकील के रूप में उभरी हैं और उन्होंने साइबरबुलिंग के खिलाफ अपनी आवाज का इस्तेमाल किया है। पिछले साल द गार्जियन में प्रकाशित तकनीकी पत्रकार टेलर लोरेंज के साथ एक साक्षात्कार में लेविंस्की ने बताया कि कैसे रातों रात उसे आवारा, तीखी, फूहड़, वेश्या, बिम्बो कहकर अपमानित किया गया। अपने मित्र द्वारा धोखा दिए जाने और एफबीआई एजेंटों द्वारा जेल भेजने की धमकी दिए जाने पर, लेविंस्की मजाक का पात्र बन गई। लेविंस्की ने 2016 में द गार्जियन को बताया कि मुझे ऐसा लगा जैसे 1998 और 1999 में मेरी त्वचा की हर परत और मेरी पहचान मुझसे छीन ली गई थी। यह एक तरह की त्वचा की खाल उतारना है।

### मोनिका लेविंस्की बनीं मॉडल

मॉडल के रूप में लेविंस्की के नवीनतम कार्यकाल ने जनता का ध्यान खींचा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में लोगों से मतदान करने का आग्रह करने के लिए सोमवार को शुरू किए गए यू हैव गॉट द पावर वर्क वियर अभियान के लिए कार्यकर्ता को विभिन्न प्रकार के परिधानों में देखा गया था। उन्हें विभिन्न प्रकार के ऑफिस परिधानों में पावर पोज देते हुए देखा जा सकता है, जिसमें एक स्कार्लेट टॉप और स्कर्ट सेट, एक काली पोशाक के साथ एक मैचिंग ब्लैक बेल्ट, स्वेटर, एक चमड़े का ट्रेंच कोट आदि शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पिंटू- बताओ रोज बादाम खाने से क्या होता है ?
मिंटू- एक तो बादाम खत्म होगा और दूसरा पैसा खर्च होगा।

---

गोलू- तुम क्या काम करते हो?
मोलू- मैं पायलट हूं।
गोलू- कौन सी एयरलाइंस में?
मोलू- अरे मैं शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं।
कंडक्टर- अरे, क्यों लड़ रही हो?
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- करीब 72% के हैंडल घिसे हुए होते हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पांचवें टेस्ट से भी बाहर हुए केएल राहुल, बुमराह की वापसी शमी को लेकर बीसीसीआई ने दिया यह अपडेट

**मुंबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि राहुल आखिरी टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। पहला टेस्ट खेलने के बाद से राहुल चोट की वजह से टीम से बाहर हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह की स्क्वॉड में वापसी हुई है। चौथे टेस्ट के लिए उन्हें आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप खेले थे। अब बुमराह की वापसी से टीम मजबूत हुई है। इसके अलावा बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी की चोट को लेकर भी अपडेट दिया है।



### बीसीसीआई ने राहुल के लिए क्या कहा

गुरुवार को एक प्रेस रिलीज के जरिये बीसीसीआई ने कहा- केएल राहुल, जिन्हें आखिरी टेस्ट में फिटनेस के आधार पर मौका दिया जाना था, वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी करीबी निगरानी कर रही है और उनकी देखरेख के लिए के लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है।

बोर्ड ने बताया कि जसप्रीत बुमराह जिन्हें चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किया गया था, धर्मशाला में पांचवें टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे।

### सुंदर को लेकर क्या बोला बीसीसीआई

बीसीसीआई ने कहा- वॉशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में तमिलनाडु के साथ जुड़ेंगे। जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे। बोर्ड ने कहा- मो. शमी की 26 फरवरी को हुई सर्जरी सफल रही। उनकी दाहिनी एड़ी की समस्या थी। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अपनी रिहैब प्रक्रिया शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से जुड़ जाएंगे।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# पंत की वापसी के बाद क्या जुरेल को मिलेगा मौका? अनिल कुंबले ने दिया यह जवाब, लिया धोनी का नाम

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए हैं। जुरेल के शानदार प्रदर्शन से भारत ने सोमवार को जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। जुरेल ने पहली पारी में 90 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 39 रन खेलकर भारत को 192 रनों का पीछा करने में मदद की थी। पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में, जुरेल टेस्ट टीम के लिए खुद के लिए एक मजबूत दावा करने में कामयाब रहे हैं। जुरेल के लिए कुंबले ने लिया धोनी का नाम टेस्ट करियर में अब तक जुरेल के प्रदर्शन से प्रभावित कुंबले ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी के रूप में सफल करियर बनाने के लिए युवा खिलाड़ी का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'हां, ऋषभ पंत हैं। हम निश्चित रूप से नहीं जानते कि वह कब वापसी करेंगे। जब भी ऐसा होता है तो टीम में जरूर वापस आएंगे। उम्मीद है कि जल्द ही ऐसा होगा। जुरेल के पास निश्चित रूप से एमएस (धोनी) जैसे शीर्ष खिलाड़ी बनने तक पहुंचने की सारी खूबियां हैं। उन्होंने दिखाया है कि उन्हें न केवल डिफेंस, बल्कि आक्रामक खेलने की भी क्षमता है। उन्होंने मैदान पर अपनी तक्नीक दिखाई है। यहां तक कि पहली पारी में भी वह बहुत आश्वस्त थे कि वह स्कोर का पीछा कर लेंगे। जब वह पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ खेल रहे थे तब भी उनमें आत्मविश्वास झलक रहा था। उनकी विकेटकीपिंग स्किल को तो सलाम।





विकेटकीपिंग स्किल की भी तारीफ की बैटिंग स्किल के अलावा कुंबले को लगता है कि जुरेल विकेटकीपिंग में भी शानदार हैं और उनकी यह स्किल भविष्य में उनके बहुत काम आएगी। जुरेल को चौथे टेस्ट में केएस भरत की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया था, क्योंकि आंध्र प्रदेश का यह विकेटकीपर बल्ले और दस्ताने दोनों से प्रभावित करने में नाकाम रहा था। कुंबले ने कहा- वह असाधारण रहे हैं। खासकर तेज गेंदबाजों के खिलाफ। स्पिनरों के खिलाफ भी विकेट के पीछे कुछ अच्छे कैच लपके और वह यहां से केवल सुधार करते दिखेंगे। यह उनका दूसरा टेस्ट है और मुझे यकीन है कि जैसे-जैसे वह अधिक से अधिक खेलना शुरू करेंगे और बेहतर होते जाएंगे। यह केवल भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। उनका टीम में होना असाधारण है।

कुंबले ने कहा- हां, मेरा मतलब है कि केएस भरत के लिए यह आसान नहीं रहा है। जुरेल को चयनकताओं ने केवल 15 प्रथम श्रेणी मैचों में देखा है। उन्होंने कहा ठीक है यह वह खिलाड़ी है जिस पर हम विश्वास कर सकते हैं और उन्होंने दिखाया पिछले मैच में कि चयनकर्ताओं ने उन पर विश्वास क्यों किया। तब से वह शानदार रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी वास्तव में खास रही है और मैं इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता कि कौन बेहतर है कौन नहीं, क्योंकि यह मेरा इरादा नहीं है।

# उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ वारियर्स को 16 रन से हराया

## मैन ऑफ द मैच बने पवन नेगी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के विजय पथिक स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट लीग में गुरुवार को यूपी और छत्तीसगढ़ के बीच मैच हुआ। जिसमें वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 के विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। बल्लेबाज पवन नेगी ने 83 रजत भाटिया ने 37, रोहित प्रकाश ने 29 रन बनाए। गुरकीरत व कलीम खान ने 3-3 विकेट मिले। जवाब में छत्तीसगढ़ वारियर्स की 9 विकेट के नुकसान पर 167 बनाए। जिसमें नमन ओझा ने 72, गुरकीरत ने 37, जतिन ने 31रन का योगदान दिया। मोनू कुमार ने 4, मोफू ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार पवन नेगी को प्रदीप त्यागी व पार्थ अरोरा द्वारा दिया गया। मैच के दौरान प्रवीण त्यागी, सुमन त्यागी, विभोर त्यागी, वैभव त्यागी, सचिन अरोरा, सोनू , दीपक त्यागी और मनोज आदि मौजूद रहे।





# आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी । मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था । एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा- हरमन चयन के लिये उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ खेलेंगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवडर्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है, लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना मुश्किल है। उन्होंने कहा- हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।' यूपी वॉरियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।



# श्रेयस और ईशान को नहीं मिला केंद्रीय अनुबंध तो इरफान ने उठाए सवाल

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी ट्रॉफी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिये यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने बुधवार को ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड ह्यए ह्ल का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा- अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। उन्होंने कहा- अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को वह नतीजे नहीं मिलेंगे, जिसकी वह चाहत रखते हैं। ईशान पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। वहीं श्रेयस भी बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल खेलने मुंबई टीम से नहीं जुड़े, जबकि ग्रोइन की चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद भारतीय टीम से बाहर थे। इरफान ने कहा- ये दोनों प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं और उम्मीद है कि मजबूती से वापसी करेंगे।



# धर्मशाला में अश्विन रचेंगे इतिहास, खेलेंगे 100वां टेस्ट मैच, सचिन-विराट के क्लब में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के आखिरी मुकाबले में रविचंद्रन अश्विन इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। सात मार्च को धर्मशाला में दिग्गज स्पिनर अपने करियर का 100वां टेस्ट मुकाबला खेलने के लिए उतरेंगे। इसी के साथ वह सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

भारत के लिए 99 टेस्ट मैचों में 507 विकेट हासिल कर चुके अश्विन 14वें भारतीय खिलाड़ी होंगे जो 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे। 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर ने भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 200 मैचों में 15921 रन बनाए। 14वें भारतीय खिलाड़ी बनेंगे अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट में अश्विन ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था। अनिल कुंबले के बाद वह भारत के लिए 500 टेस्ट विकेट चटकाने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। अब वह अपने करियर का 100वां मुकाबला खेलकर नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। अश्विन से पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले, कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली, इशांत शर्मा, हरभजन सिंह, चेतेश्वर पुजारा और वीरेंद्र सहवाग भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेल चुके हैं।



### भारतीय जमीन पर चटकाए सर्वाधिक विकेट

रांची टेस्ट में अश्विन भारतीय जमीन पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन इस मामले में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने भारतीय मैदानों पर कुल 63 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 350 विकेट झटके। उन्होंने अपने करियर में कुल 132 टेस्ट में 619 विकेट लिए। अश्विन ने घरेलू मैदान पर अपने 59वें मैच में उन्हें पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 100 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय हैं।

यह उपलब्धि भी उन्होंने रांची टेस्ट में ही हासिल की है।

# आईपीएल से पहले कप्तान केएल राहुल की चोट ने बढ़ाई लखनऊ की चिंता, टूनार्मेंट में खेलने पर संशय बरकरार

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स को तगड़ा झटका लग सकता है। टीम के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल इस टूनार्मेंट से बाहर हो सकते हैं। वह चोट की वजह से फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम चार मुकाबलों में भी वह टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। मंगलवार को बीसीसीआई ने स्टार खिलाड़ी की हेल्थ को लेकर अपडेट दिया। भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए गुरुवार को टीम इंडिया की घोषणा की। इस टीम में केएल राहुल को शामिल नहीं किया गया। बीसीसीआई ने बताया कि स्टार क्रिकेटर मेडिकल टीम की निगरानी में हैं और लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मुकाबले के बाद उन्होंने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद स्टार खिलाड़ी को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। वहीं, तीसरे टेस्ट से पहले खबर आई थी कि स्टार बल्लेबाज 90 प्रतिशत फिट हो चुके हैं। हालांकि, चौथे टेस्ट में भी वह टीम का हिस्सा नहीं बन सके।



### पिछले सीजन में भी चोटिल हुए थे खिलाड़ी

केएल राहुल का आईपीएल 2024 में नहीं खेलना लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए तगड़ा झटका होगा। पिछले सीजन में भी वह चोट की वजह से बाहर हो गए थे। उनकी जगह करुण नायर को टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, राहुल ने धमाकेदार वापसी करते हुए भारत के लिए विश्व कप खेला था। पिछले संस्करण में उन्होंने नौ मुकाबलों में 274 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले।

### निकोलस पूरन बने उपकप्तान

लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को निकोलस पूरन को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया। केएल राहुल की गैरमौजूदगी में वह टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। 2019 में आईपीएल डेब्यू करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले सीजन के 15 मुकाबलों में कुल 358 रन बनाए।

# क्या विराट कोहली क्रिकेट के मैनुअल नेउर हैं? दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख की यह प्रतिक्रिया वायरल

**नई दिल्ली।** भारत के आइकन विराट कोहली अपनी पीढ़ी के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। साल 2008 में भारत के लिए डेब्यू करने के बाद से कोहली ने सभी प्रारूपों में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। 35 साल के इस खिलाड़ी के न केवल क्रिकेट स्किल के कारण बल्कि फिटनेस और लंबी उम्र के कारण भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में फैंस हैं। जर्मनी के सबसे सफल फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख भी कोहली के फैन क्लब में शामिल हो गया है। बायर्न ने पूर्व भारतीय कप्तान को अपने महान गोलकीपर मैनुअल नेउर के समकक्ष करार दिया।

### 2011 में बायर्न में शामिल हुए थे नेउर

शाल्के में अपने खेल से सभी का ध्यान खींचने के बाद नेउर 2011 में बायर्न म्यूनिख में शामिल हो गए थे।





इसके बाद से 37 वर्षीय नेउर ने बायर्न के लिए असाधारण प्रदर्शन किया है। बायर्न की अभूतपूर्व सफलता में उनका बहुत बड़ा हाथ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर, एक फैन ने जर्मन क्लब से विभिन्न खेलों के दो एथलीटों के नाम पूछे, जो एक-दूसरे के क्रॉस-स्पोर्ट्स समकक्ष हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए बायर्न ने कोहली की तुलना नेउर से की। उनका जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### 28 ट्रॉफी जीत चुके हैं नेउर

2011 में बायर्न जाने के बाद से, नेउर ने 28 ट्राफियां जीती हैं, जिसमें 11 बुंदेसलीगा खिताब और 2013 और 2020 में दो यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब शामिल हैं। वह जर्मनी की सफलता में भी एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। जर्मनी के 2014 विश्व कप का खिताब उठाने में नेउर की भूमिका अहम रही थी। ब्राजील में अर्जेंटीना के खिलाफ फाइनल में नेउर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### 2014 में विश्व कप जीत में निभाई थी अहम भूमिका

उन्होंने गोंजालो हिगुएन और लियोनेल मेसी के शॉट का शानदार बचाव किया था। इसके बाद जर्मनी ने मारियो गोट्जे के अतिरिक्त समय में किए गए गोल से जीत हासिल की थी। हालांकि, जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में बायर्न अभी शीर्ष पर चल रही टीम बेयर लेवरक्यूसन से 23 मैचों के बाद आठ अंकों से पीछे चल रही है। दोनों टीमों के बीच इस महीने की शुरूआत में मैच हुआ था। म्यूनिख ने जाबी अलोंसो की लेवरक्यूसन टीम बे एरिना में हुए मैच में 3-0 से हराया था।

### कोहली हाल ही में दूसरी बार पिता बने

वहीं, विराट कोहली हाल ही में पिता बने हैं। उनकी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी को बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम अकाय रखा गया है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की एक बेटी वामिका भी है। विराट कोहली पिछले लगभग एक महीने से क्रिकेट के मैदान पर एक्शन से गायब हैं। वह अब सीधे आईपीएल में खेलते दिखेंगे। कोहली ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में बेटे की जानकारी दी थी। कोहली फिलहाल लंदन में हैं।

# स्टीव स्मिथ ने की इस नियम में बदलाव की मांग, कहा- बल्लेबाजों को शॉट लगाने में हो रही दिक्कत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने क्रिकेट अधिकारियों से आग्रह किया है कि तेज गेंदबाजों के लेग साइड पर लगातार बाउंसर फेंकने के मसले पर गौर करे क्योंकि इससे बल्लेबाज विकेट के सामने कहीं भी शॉट नहीं लगा पा रहे हैं ।

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि गेंदबाज को ऐसी एक या दो गेंद डालने की ही अनुमति होनी चाहिए जिसके बाद उसे चेतावनी दी जानी चाहिए या गेंद वाइड करार दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा- लेग साउड में बाउंसर फेंकने को लेकर नियम में बदलाव किया जा सकता है। आप विकेट के सामने शॉट खेल ही नहीं पाते। ऐसी गेंद डालने पर उसे वाइड करार दिया जाना चाहिए या गेंदबाज को चुनौती मिलनी चाहिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 31 रन बनाने वाले स्मिथ ने कहा कि अगर गेंद लेग साइड में बहुत मुड़ रही है तो बल्लेबाज कोई भी स्ट्रोक नहीं खेल पाता। स्मिथ ने कहा- आप गेंद को विकेट के सामने नहीं खेल सकते।



उन्होंने कहा कि यदि गेंद लेग से बहुत अधिक ड्रिफ्ट कर रही है, तो बल्लेबाज के लिए किसी भी तरह का शॉट खेलना असंभव है। यह एकमात्र बदलाव होगा जिसे देखने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

स्मिथ को पिछले कुछ वर्षों में तेज गेंदबाजों को खेलते हुए दिक्कत हुई है। या तो उनकी रन गति रुक जाती है, या फिर वह हुक शॉट खेलने के लिए मजबूर हो जाते हैं। स्मिथ ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर की भी तारीफ की, जिन्होंने मंगलवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

# ओबीसी मोर्चा के सामाजिक सम्मेलन में जनता ने मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लिया : नरेंद्र कश्यप




**लखनऊ (करंट क्राइम)।** जनपद लखीमपुर खीरी के जिला पंचायत सभागार में आयोजित ओबीसी मोर्चा के सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री बनाने के लिए इस सामाजिक सम्मेलन में संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिसका लाभ हर घर को पहुंच रहा है। जनता का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का साथ देने का संकल्प ले रहा है। उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर मेहनत कर रहे हैं और पार्टी का वोट बैंक बढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, उसका परिणाम आने वाले दिनों में अवश्य मिलेगा।

### इस बार 80 की 80 सीटें जीतेंगे

मंत्री नरेंद्र कश्यप लगातार प्रदेश भर का दौरा कर रहे हैं और वह भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक बढ़ाने की जनता से गुहार लगा रहे हैं। इसी कड़ी में दूसरा सम्मेलन जनपद सीतापुर के ग्राम हैदरपुर हरगांव मंडल में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता का आगामी लोकसभा चुनाव में एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक वोटो से जीताना है और अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए खुलकर प्रचार करना है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की इस बार लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक और उत्तर प्रदेश में पूरी 80 सीटें आनी हैं। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। वहीं कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश राही, ओबीसी मोर्चा अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, सीतापुर जिलाध्यक्ष रामजीवन जैसवाल, लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र मोदी, दिनेश यादव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, अमित वर्मा कार्यालय प्रभारी सहित पार्टी के वरिष्ठ व युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### ओबीसी मोर्चा कर रहा है गांव-गांव मेहनत : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि ओबीसी मोर्चा गांव-गांव जाकर मेहनत कर रहा है और भारतीय जनता पार्टी के वोट बैंक को बढ़ाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। भारतीय जनता पार्टी लगातार आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिससे जनता को अधिक से अधिक पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ा जा सके। इसी के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऊर्जा के साथ ना सिर्फ केंद्र बल्कि उत्तर प्रदेश के मंत्रियों को अलग-अलग कार्यक्रमों में मार्गदर्शन दे रहे हैं। उसका भी आगामी लोकसभा चुनाव पर बड़ा असर देखने को मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा और पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### जिन्हे बता रहे हो स्वभाव से सरल तुमने देखा कहां हैं उन्हे उगलते गरल

फूल वालों के यहां कुछ फुल टाइम दफ्तरी भी है। उनमें एक प्रभारी भी हैं जो सब पर भारी हैं और उन्हे देखकर लगता है कि उनके कंधों पर ही सारी जिम्मेदारी है। जिस मडंल का कमंडल उन्हे थमाया जाता हैं वो फिर वहां डेरा डाल देते हैं। पहले जिस मडंल में थे वो बताते हैं कि सुबह चाय से लेकर शाम वाली चाय के लिये फेरा लगता था उनका। अब जिस मडंल के वो प्रभारी बने हैं उस मडंल के प्रधान ने उन्हे महान बताया। उधर वालों ने उन्हे सरल स्वभाव का धनी बताया तो इधर वालों का भी रिएक्शन आया। वो पहले देर तक हंसे और कहा कि उधर वाले अभी फंसे ही कहा हैं। आएं वो कभी पार्टी दफ्तर पर तो पता चलेगा किस गलतफहमी में हो। जिन्हे स्वभाव से सरल बता रहे हो अभी उन्हे गरल उगलते तुमने देखा ही कहां हैं। अभी तो पारी शुरू हुई हैं उनका ताप तुमने देखा ही कहा है। जरा थमो तो सही तुम खुद ही कह दोगें हमें बख्श दों महाराज।

### फूल वालों के यहां इन दिनो जलवा ही फार्मर वालों का चल रहा है

अब से पहले इस मोर्चा का अध्यक्ष कौन था ये कई भाजपाई नही बता पाते। आज इस मोर्चा की भागीदारी लोकसभा में फिक्स हो रही है। कहने वाले ने कहा कि भाजपा में वैसे तो मोर्चा सिक्स हैं लेकिन चर्चा में चार हैं बाकी तो सब प्रकोष्ठ हैं। भाजपा में महिला मोर्चा हैं, युवा मोर्चा हैं, ओबीसी मोर्चा हैं और किसान मोर्चा है इनके अलावा एससी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा भी हैं और बाकी सब प्रकोष्ठ हैं। कहने वाले ने कहा कि जलवा ही किसान मोर्चा का हैं। नई थीम नई टीम के साथ पब्लिक में इस मोर्चे ने पहचान बनाई है। एक्टिविटी से लेकर कनेक्टिविटी का चार्ट देख लो तो फार्मर वाले फ्रंट पर मिलेगें। चौपाल में मिलेगें, पंचायत में मिलेगें, गांव में मिलेगें, देहात में मिलेगें, बूथ पर मिलेगें।

### उस समाजवादी चौहान ने तो सपा सरकार में ही कर दी थी ये मुनादी

जब साईकिल वालों की सरकार थी तो साईकिल ही भईया जी के खास यादवों की दौड़ी थी। नाहर सिंह यादव पार्टी से बाहर हो गये थे और सिपाही नवनीत यादव का जलवा था। हालत ये हो गई थी कि समाजवादी हाथों में फूल लेकर जीडीए जाते थे और संतोष यादव को विकास पुरूष बताते हुये उनका स्वागत करते थे। सोचो उस समाजवादी चौहान ने सपा सगंठन की मीटिंग में तभी ये मुनादी कर दी थी कि चुनाव तो आप कोतवाल को ही लड़वा लो। अब जब चुनाव आया है तो वो कथन याद आ रहा है कि चुनाव लड़वाने के लिये अब उन्ही कोतवालों सिपाहियों और अफसरों को बुलाना चाहिय।

# अधिकारियों ने विधायक अतुल गर्ग को सौंपी विद्युत विभाग की प्रगति रिपोर्ट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को शहर विधायक अतुल गर्ग के निवास पर पहुँचकर उन्हें विभागीय विकास कार्यो की रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में वर्तमान में किये जा रहे व भविष्य में किये जाने वाले कार्यो को विस्तार से बताया गया है। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लगातार विकास के कार्य चल रहे हैं। पिछली सरकार में बिजली आती नहीं थी और अब जाती नहीं है। जहाँ बिजली की लाइनें नही थी वहाँ लाइने डाल दी गयी है वहीं खम्बों व तारों की गुणवत्ता में भी अप्रत्याशित सुधार हुए हैं। नगरवासियों को 24 घण्टे बिजली के साथ-साथ पूरे वाल्ट भी मिल रहे हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, मुख्य अभियंता एके ओझा, अधिशासी अभियंता सचिन सिंह, गुलशन कुमार, ए के वर्मा, अवनीश कुमार, ललित कुमार, अधीक्षण अभियंता वी के गुप्ता, उपखंड अधिकारी शशांक शुक्ला एवं एके पांडे उपस्थित रहे।

# नीरज सिंह के सीएमएसएमई का चेयरमैन बनने पर भाजपा नेता संजीव गुप्ता ने दी बधाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूथ आइकॉन और युवाओं में लोकप्रिय भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह को यूपी फिक्की सीएमएसएमई के चेयरमैन बनाये जाने पर प्रतिष्ठित उद्योगपति व समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि नीरज सिंह देश में चमकता हुआ एक ऐसा सितारा हैं जो लगातार अपने दम एवं व्यवहार के कारण निरंतर ऊंचाइयों की ओर बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीरज सिंह का व्यक्तित्व ऊर्जा, ज्ञान और दूरदर्शिता से भरा हुआ है। उत्तर प्रदेश फिक्की सीएमएसएमई के चेयरमैन बनाए जाने पर सभी व्यापारियों को भी ऐसी खुशी हुई है कि जैसे उनके परिवार का ही कोई व्यक्ति व्यापार और उद्योगों की उन्नति, प्रगति की चिंता करने के लिए नियुक्त किया गया है। संजीव गुप्ता ने कहा कि सभी व्यापारियों के लिए यह एक संतोष एवं ऊर्जा प्रदान करने वाले पल हैं। अब नीरज सिंह के नेतृत्व में उद्योग एवं व्यापार जगत की समस्याओं का समाधान और उनके प्रगति की राह पहले से और अधिक आसान होगी। संजीव गुप्ता ने नीरज सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि उनके यूपी फिक्की सीएमएसएमई के चेयरमैन बनाये जाने पर व्यापारियों का हित होगा।



# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में वित्त-निवेश पर मंथन का

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के फाइनेंस क्लब (रकम) द्वारा फिनटेक एंड ब्लॉक चैन एसोसिएशन के साथ मिलकर वित्त मंथन -2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. विभूति अग्रवाल (जनरल पार्टनर, रियल टाइम एंजेल फंड), तोशम सिंधु (मैनेजिंग पार्टनर, एशिया प्रोटेगो पार्टनर्स फिनटेक एंड ब्लॉक चैन एसोसिएशन) एवं आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित छात्र/ छात्राओं को वित्त एवं बेहतर निवेश की जानकारी एवं रणनीति के बारे में अवगत करना था। कार्यक्रम में छात्र/ छात्राओं के लिए वित्त एवं निवेश से जुड़ी चार प्रतियोगिताओं स्ट्रेटेजिक इन्वेस्ट प्रो चैलेंज, स्विफ्ट इंट्रा मास्टरी, वेंचर विजन क्वेस्ट एवं एनालॉग टू डिजिलोग का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में संस्थान के अलावा दिल्ली - एनसीआर के अन्य कॉलेजों के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अतिथियों द्वारा छात्र/ छात्राओं को वित्त एवं निवेश के मायने समझाते हुए इसके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में सदैव एक बेहतर रणनीति बनाकर निवेश करना चाहिए, साथ ही छात्र- छात्राओं को स्टार्टअप के बारे में बताते हुए उसकी फंडिंग की चर्चा की। उन्होंने कहा की निवेश से पहले बाजार को समझना बहुत जरूरी है। संस्थान के निदेशक द्वारा उपस्थित छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा जलोटा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा रस्तोगी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन डॉ. स्वाति शर्मा द्वारा किया गया।

# गाजियाबाद नगर निगम की अनूठी पहल, पानी की गुणवत्ता जाचेंगी माहिलाएं, घर-घर जाकर करेंगी टेस्टिंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम ने अमृत 2.0 योजना के कार्य के लिए पेयजल गुणवत्ता की जांच करने के लिए 55 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की टीम बनाई गई है। अमृत योजना में कार्य करने वाली महिलाओं को अमृत मित्र का नाम दिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पांच जोन के वार्डों में कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, जिसकी शुरूआत 5 मार्च को राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जलकल विभाग द्वारा शहर वासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए कार्य किया जा रहा है। अमृत 2.0 योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की 55 महिलाओं की टीम बनाई गई है, जिसके द्वारा घर-घर जाकर वॉटर टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा। महिलाओं को मानदेय भी दिया जाएगा। महिलाओं पर वॉटर टेस्टिंग के लिए ओटी किट होगी। जिसके माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। कहीं भी समस्या पाए जाने पर संबंधित अधिकारी कार्यवाही भी करेंगे। उक्त कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए 77 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से साक्षात्कार के उपरांत 55 महिलाओं को चुना गया है।




# लाइटें, पंप और हवादार कमरे भी देख रही है खाकी



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारियों वाला सिलसिला शुरू हो चुका है। कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खाकी इन दिनों अलग-अलग स्कूलों और पोलिंग सेटरों में पानी से लेकर बिजली वाली जानकारी जुटा रही है। इसी के साथ लाइटों से लेकर सबमर्सिबल पंप और हवादार कमरे देख रही है। इसके साथी किस स्कूल में कितने पुलिसकर्मियों के रुकने की व्यवस्था की जा सकती है, इसका भी डाटा तैयार किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिटी से लेकर देहात तक इन दिनों स्कूलों के अंदर खाकी की जमकर एंट्री हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों वाला निरीक्षण चल रहा है। पुलिस के ही सूत्र बता रहे हैं कि किसी स्कूल में लाइटें और पंखों की काउंटिंग की जा रही है, तो कहीं पानी के सबमर्सिबल की व्यवस्था देखी जा रही है। इसी के साथ हवादार कमरे और किस स्कूल में कितने कमरे उपलब्ध हो सकते हैं, इसका भी रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इन सबके बीच आज लखनऊ में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा से लेकर व्यवस्था वाली मीटिंग चुनाव आयोग के अधिकारी और पुलिस के अधिकारियों के बीच होने की सूचना है। बताया जा रहा है जिसके बाद चुनावी आचार संहिता लगते ही खाकी फुल प्रूफ एक्शन मोड में आ जाएगी। सूत्र बता रहे हैं कि इन दोनों सिटी में लगभग 14 बड़े स्कूल का पूरा डाटा तैयार कर लिया गया है, जहां की व्यवस्थाओं की भी लिस्ट बनाई गई है। इसी के साथ देहात वाले जोन में भी यह काम पूरी शिद्दत से किया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि इसके लिए बकायदा चौकी प्रभारी लिस्ट तैयार कर रहे हैं ताकि चुनावी समर में कोई असर नहीं पड़े। वहीं सुनने में आ रहा है कि आगामी त्यौहारों के दौरान भी इस बार कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हल्के पीले रंग की वर्दी वाली खास फोर्स को तैनाती की कमान भी मिलने वाली है। दरअसल बीते दिनों महाराज जी ने जिस पुलिस बल की तारीफ की है उसको लेकर यूपी पुलिस आने वाले दिनों में पूरी ताकत से फील्डि पर उतारने और पैदल वाली गश्त में इस्तेमाल करने का प्लान बना चुकी है।

# भाजपा नेता दीपक राघव के नए प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता दीपक राघव के नए प्रतिष्ठान एड विजन का उद्घाटन गुरूवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया। अर्थला मेट्रो स्टेशन के कैलाश पार्क के पास हुए इस आयोजन में भाजपा के कई नेता व समाज के अन्य गणमान्य लोग भी पहुंचे। सभी ने इस अवसर पर दीपक राघव को उनके नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी।

# कश्मीर मुद्दे पर भारत ने यूएन में कहा, पाकिस्तान के खून में डूबे हुए देश को भारत के खिलाफ बयान देने का कोई अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर के बारे में पाकिस्तान के आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि ऐसे खराब रिकॉर्ड वाले देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अपने 'उत्तर देने के अधिकार' का प्रयोग करते हुए भारत ने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें नियमित सत्र में भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत के खिलाफ झूठे आरोप प्रचारित करने के लिए परिषद का फिर से दुरुपयोग किया गया है। अनुपमा सिंह ने कहा, पाकिस्तान द्वारा भारत के व्यापक संदर्भों के संबंध में, हम ध्यान



देते हैं कि परिषद के मंच का एक बार फिर से भारत के खिलाफ स्पष्ट रूप से झूठे आरोप लगाने के लिए दुरुपयोग किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### पाकिस्तान में बेहद खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड

भारतीय राजनयिक ने पाकिस्तान के रुख की विडंबना को उजागर करते हुए उनके मानवाधिकार रिकॉर्ड को वास्तव में निराशाजनक करार दिया। उन्होंने अगस्त 2023 में जरनवाला शहर में ईसाई समुदाय के खिलाफ उत्पीड़न की एक विशिष्ट घटना की ओर इशारा किया, जहां 19 चर्चों को नष्ट कर दिया गया और 89 ईसाई घरों को जला दिया गया। उन्होंने कहा, एक ऐसा देश जिसने अपने ही अल्पसंख्यकों के प्रणालीगत उत्पीड़न को संस्थागत बना दिया है और जिसका मानवाधिकार रिकॉर्ड वास्तव में बेहद खराब है, भारत पर टिप्पणी करना, जो स्पष्ट रूप से आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय हासिल करने में बड़ी प्रगति कर रहा है, न केवल विडंबनापूर्ण है, बल्कि विकृत भी है।

### पाकिस्तान सरकार की विफलताएं ही आतंकवाद का प्रयोजन है

अनुपमा सिंह ने यूएनएससी-स्वीकृत आतंकवादियों के लिए पाकिस्तान के समर्थन पर भी ध्यान आकर्षित किया और देश पर विश्व स्तर पर आतंकवाद को प्रायोजित करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि भारत आतंकवाद के खून-खराबे, कर्ज में डूबी राष्ट्रीय बैलेंस शीट और अपने हितों की पूर्ति में अपनी सरकार की विफलता के कारण यहां के लोगों को होने वाली शर्मिंदगी से लथपथ देश पर अधिक ध्यान नहीं दे सकता है।

26 फरवरी से शुरू हुआ यूएनएचआरसी सत्र 5 अप्रैल तक चलेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच व्यापक राजनयिक प्रवचन का हिस्सा है। पिछले वर्ष अगस्त में, भारत ने पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंधों के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया था। विदेश मंत्रालय ने सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा व्यक्त की थी और आतंकवाद मुक्त माहौल के महत्व पर जोर दिया था।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले एक साक्षात्कार में कहा था कि पाकिस्तान का भविष्य उसके कार्यों और विकल्पों पर निर्भर है। उन्होंने सुझाव दिया कि घटते विदेशी मुद्रा भंडार, उच्च मुद्रास्फीति और अपनी मुद्रा के तेज मूल्यह्रास सहित अपनी आर्थिक समस्याओं से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढना पाकिस्तान पर निर्भर है।

# विपक्षी पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने को शुरू की 'लेबर इंडियंस' पहल

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन में इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में 'लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया। साथ ही लैमी ने लेबर पार्टी के आगामी चुनाव में जीतने पर भारत-ब्रिटेन साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षाओं को साझा किया। भारत को महाशक्ति बताते हुए लैमी ने कहा कि भारत की रणनीतिक साझेदारी दलगत राजनीतिक से परे है।




उन्होंने कहा, उद्यमशीलता, इनोवेशन, वैज्ञानिक, औद्योगिक आधार और बड़ी आबादी के साथ एक महाशक्ति है। लैमी ने कहा, हालांकि भारत के सामने अभी भी चुनौतियां हैं। लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस भू-राजनीतिक समय में ब्रिटेन को यह समझना बेहद महत्वपूर्ण है कि भारत दुनिया की एक महाशक्ति है। उन्होंने आगे कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि भारत के प्रधानमंत्री कौन हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन हैं, क्योंकि रणनीतिक रूप से दोनों देशों के बीच बहुत मजबूत संबंध हैं।

### जेरेमी कॉर्बिन के कार्यकाल में भारत विरोधी टिप्पणी पर सफाई....

पूर्व लेबर नेता जेरेमी कॉर्बिन के नेतृत्व में पार्टी से जुड़ी कुछ भारत विरोधी बयानबाजी के बारे में पूछे जाने पर लैमी ने कहा कि लेबर पार्टी ने नई यात्रा शुरू की है और कीर स्टार्मर के नेतृत्व में पार्टी ने अपनी नीतियों में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा स्पष्ट है। हम कॉर्बिन के वर्षों के कार्यकाल को राजनीतिक रूप से पार्टी के लिए असफल मानते हैं। मुझे लगता है कि कॉर्बिन के कार्यकाल में भारतीय समुदाय के बीच पार्टी को लेकर ऐसी धारणा बनी थी। लेकिन उनकी भारत यात्रा इस धारणा से हटकर देखने को लेकर थी।

# नेपाल में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार चार लोगों में से दो भारतीय



**काठमांडू।** नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किए गए चार लोगों में दो लोग भारतीय नागरिक हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय नागरिक छोटू पासवान (20) को सरलाही जिले के लालबंदी नगर पालिका क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसकी मोटरसाइकिल से सात किलोग्राम हशीश जब्त किया गया। एक अलग मामले में महोत्तरी जिले के पिपरा ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र से एक भारतीय नागरिक सहित तीन लोगों को विभिन्न प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ गिरफ्तार किया गया।

नेपाल पुलिस मुख्यालय के एक बयान के अनुसार, पुलिस ने बिहार के रहने वाले 20 वर्षीय सुबोध राउत और दो नेपाली नागरिकों मोहम्मद हुसैन तथा गुडू सफी से फेनर्गन 496 एम्प्यूल्स, टायलगेसिस 499 एम्प्यूल्स और डायजेपाम 492 एम्प्यूल्स जब्त किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू

## कार्यवाहक सरकार से विवाद के बीच मिली राष्ट्रपति से मंजूरी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलायी है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है।

### अल्वी के खिलाफ दो मामले करेंगे दर्ज- बिलावल

इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी। बिलावल ने कहा कि राष्ट्रपति अल्वी के खिलाफ दो मामले दर्ज किए जाएंगे। पहला, 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने पर नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए होगा। दूसरा, नेशनल असेंबली सत्र न बुलाकर संविधान की अवज्ञा करने के लिए होगा।

**अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी।**

# राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप को बड़ा झटका, इलिनॉय राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए भी अयोग्य घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे।

न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमति नहीं है। छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल की हिंसा में ट्रंप की भूमिका को लेकर उन्हें इलिनॉय में प्राथमिक चुनाव से बाहर किया गया। इलिनॉय कुक काउंटी



सर्किट की न्यायाधीश ट्रेसी पोर्टर ने ट्रंप को अपील करने के लिए शुक्रवार तक का समय दिया। न्यायाधीश ने अपना फैसला 14वें संशोधन के एक प्रावधान के आधार पर लिया। इस संशोधन की धारा 3 व्यक्ति को सार्वजनिक पद तक पहुंचने से रोकती है। इसके तहत उन लोगों को मतदान से रोका जाता है, जो एक बार संविधान को बचाने का वचन देकर बगावत में शामिल होते हैं।

इलिनॉय के निवासियों ने ट्रंप को अदालत में चुनौती दी थी। उनके वकील कैरिन लेडरर ने एक बयान में कहा, यह फैसला कानून के शासन के महत्व और अमेरिकी संविधान की पहचान को बरकरार रखता है।

# चुनाव के दौरान मंडी अधिग्रहण के विरोध में व्यापारियों ने की सांकेतिक हड़ताल





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गल्ला मंडी, गोविन्दपुरम के व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को बार-बार चुनावों के दौरान मण्डी परिसर का अधिग्रहण करने के विरोध में सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान व्यापारियों द्वारा कारोबार पूर्णतः बन्द रखा गया। व्यापारियों द्वारा बार-बार प्रशासन से अनुरोध करते है कि चुनाव प्रक्रिया मंडी के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर करायी जाये, लेकिन उनके अनुरोध को अनसुना कर दिया जाता है। गल्ला मंडी गोविन्दपुरम के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि जब तक चुनाव होते हैं और मत पेटियां रखी जाती हैं तब तक गल्ला मंडी पूर्ण रूप से बंद रहती है। जिस कारण व्यापारियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। व्यापारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर प्रशासन की तरफ से कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है। व्यापारियों ने विरोध में धरना भी दिया। इस धरने में सुधीर गोयल मोनू के अलावा सौरभ विशु, महेश गुप्ता, रवि बाला, सन्त कुमार, राम कुमार, विवेक बंसल, योगेश कुमार, नरेश प्रधान, महेन्द्र डब्बू मुख्य रूप से शामिल रहे।



# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में देश की प्रसिद्ध टेक्सट्रॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एम.टेक. (कंप्यूटर सांइस), बी.टेक. (कंप्यूटर सांइस, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल), बी.सी.ए., डिप्लोमा इंजीनियरिंग (कंप्यूटर सांइस, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 20 से अधिक विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुन्दरदीप ग्रुप के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो0 (डॉ0) आर0के0 खंडाल, वाइस चांसलर प्रो0 (डॉ0) शक्ति कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, हेड सी.आर.सी. अमित भारद्वाज, सीनियर एडमिशन मैनेजर गौरव सचान, डायरेक्टर (डॉ०0) संदीप गुप्ता, (प्रिंसिपल) निखिल निगम, अभिषेक सिंह, वरूण सिंह एवं सभी शिक्षकों द्वारा चयनिय विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# जल संचय, संरक्षण, संवर्धन, एवं सफाई अभियान है नमामि गंगे : कृष्ण दीक्षित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के नमामि गंगे विभाग की पश्चिम उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय बैठक भाजपा कार्यालय नेहरू नगर पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश संयोजक कृष्ण दीक्षित ने कहा कि सिर्फ गंगा की सफाई ही नहीं बल्कि नमामि गंगे की समाज के अन्य कार्यों में भी जिम्मेदारी अहम है। क्षेत्रीय संयोजक धीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता अब लोकसभा चुनावों में जुट जाएं। घर-घर गांव गांव जाकर वोट बनवाने का अभियान चलाए। लोकसभा चुनावों के लिए खुद कमर कस लें। जिला संयोजक रजनीश बंसल ने कहा कि संगठन के कार्यों के साथ ही अब चुनावों को ध्यान में रखकर भी कार्य करने होंगे। प्रदेश संयोजक के निर्देश पर दिए गए समस्त बिंदु पर कार्यकर्ता घर घर जाकर अभियान चलाकर कार्य करेंगे। जल संचय हेतु लोगों को जागरूक करने के साथ ही साफ सफाई को प्राथमिकता पर लेना होगा। इस अभियान को चलाते हुए ये सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का वोट बनने से छूट न जाए। क्षेत्रीय बैठक में रामकुमार सैनी, सुधीर शर्मा, रमा श्रीवास्तव, ब्रजराज त्यागी, सचिन शर्मा, मयंक कपूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# निदेशक प्रवीण सूद बोले- युवा अधिकारी लीक से हटकर काम करें, स्मार्ट वर्किंग के बेहतर रिजल्ट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के 30 उप-निरीक्षकों के 27वें बैच का अलंकरण समारोह गुरुवार को सीबीआई अकादमी गाजियाबाद में आयोजित हुआ। इस मौके पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने कहा, केंद्रीय जांच ब्यूरो के सदस्य के रूप में अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए अपने कौशल का उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण उपयोग करेंगे। शिक्षण-प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान व सीख तब काम आएगी, जब अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी सीखने की प्रक्रिया का वास्तविक हिस्सा शुरू करेंगे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक सीखने की प्रक्रिया वास्तव में अब शुरू होती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज के बाद हर दिन एवं हर अनुभव अधिकारियों को अधिक जानकार व सशक्त बनाएगा। सीबीआई ऐसा स्थान, जहां चुपचाप काम करने की जरूरत' प्रवीण सूद ने



कहा कि युवा अधिकारियों को लीक से हटकर सोच अपनाकर अपना काम करने का प्रयास करना चाहिए।

अपने कार्यों को अलग तरीके से करके बेहतर परिणाम प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। स्मार्ट कार्य करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। सीबीआई एक ऐसा स्थान है, जहां बाहरी प्लेटफार्मों के माध्यम से अनाम एवं चुपचाप तरीके से कार्य करने की जरूरत है। प्रशिक्षुओं को मिले पदक-ट्रॉफियां अलंकरण समारोह के दौरान सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने प्रशिक्षुओं को पदक एवं ट्राफियां प्रदान की। विक्की राज को इनडोर स्टडीज हेतु डीसीबीआई ट्रॉफी एवं साइबर अपराध जांच ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

सुधांशु को सर्वश्रेष्ठ आउटडोर हेतु जॉन लोबो ट्रॉफी के लिए चयनित किया गया। अंकित तंवर को समर्पण व अनुकरणीय आचरण हेतु सीबीआई अकादमी ट्रॉफी प्राप्त हुई। समारोह में सीबीआई की अपर निदेशक संपत मीना, मनोज शशिधर, डॉ. पद्मिनी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 21 जोड़े बंधे विवाह सूत्र में



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विकास खण्ड भोजपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 21 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में अनुसूचित जाति के 12, पिछड़ी जाति के 05, सामान्य वर्ग के 01 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 03 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। साथ ही प्रशासन द्वारा 35,000/- की धनराशि कन्या के बैंक खाते में एवं 10,000/- की धनराशि विवाह सामग्री एवं 6,000/- खान-पान, टेन्ट आदि पर व्यय करते हुए कुल धनराशि 51,000/- प्रति जोड़ को प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधायक मोदीनगर श्रीमती मंजू शिवाच, श्रीमती ममता बसंत त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती सुचेता सिंह ब्लाक प्रमुख भोजपुर, अमर जीत सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं पीयूष चन्द्र राय खण्ड विकास अधिकारी भोजपुर ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।



# वार्ड 65 के जीवन विहार में चलाया सफाई अभियान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कविनगर जोन के अन्तर्गत विवेका नंद नगर के वार्ड नंबर 65 जीवन विहार में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वदेशी कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र में कविनगर जोन के जोनल प्रभारी राजवीर सिंह तथा सफाई अधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में चलाए गए सफाई अभियान को व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत नंदा एवं अन्य सदस्यों द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया।



# पुलिसवालों को देखते ही भागने लगा ' आईआरएस अधिकारी', पकड़कर पूछा कारण तो रह गए सन्न

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित कौशांबी थाना पुलिस ने वैशाली से आईआरएस अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पुलिस ने फर्जी आईकार्ड बरामद किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, वैशाली में महालक्ष्मी टावर के पास वैशाली चौकी प्रभारी टीम के साथ चेकिंग कर रही थी। पीछा कर पुलिस ने पकड़ा तो एक व्यक्ति



पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया। उससे रोककर भागने का कारण पूछा तो वह धमकाने लगा। खुद को आईआरएस अधिकारी बताया। महिला चौकी प्रभारी ने आईकार्ड मांगा। आईकार्ड पर हस्ताक्षर नहीं थे और दोनों तरफ फोटो लगा था। जिससे फर्जी प्रतीत हुआ। सख्ती से पूछताछ की तो उसने स्वीकार कर लिया। ऐसे करता था धोखाधड़ी पुलिस उसे थाने ले आई। पकड़ा गया आरोपित मल्हीपुर बेगूसराय बिहार का आदित्य राय है। वह लोगों को प्रभाव में लेकर धोखाधड़ी करता है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जानकारी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# स्वर्गीय अनुपम बख्शी को दी गई भावपूर्ण श्रृद्धांजलि



गाजियाबाद, करंट क्राइम। इन्दिरापुरम भाजपा मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी की माता का निधन 26 फरवरी को हो गया था। गुरूवार को उनकी श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। दोपहर 1 बजे ब्रह्म भोज हुआ और दोपहर 3 बजे श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। एटीएस सोसाइटी फेज-1, क्लब हाऊस, अहिंसा खंड, इन्दिरापुरम में आयोजित शोकसभा में समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय श्रीमती अनुपम बख्शी को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रृद्धाजंलि अर्पित की।

# शालीमार गार्डन में राष्ट्रीय व्यापार मंडल का विस्तार किया गया

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के शालीमार मंडल अध्यक्ष शैलेंदर सक्सेना के नेतृत्व में व्यापार मंडल का विस्तार किया गया इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण भाटी की व्यापार मंडल के पदाधिकारी पंडित अशोक भारतीय, मनोज गुप्ता, देवेंदर नागर, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद यशपाल पहलवान भाजपा नेता श्याम शर्मा, थाना प्रभारी हरिओम दीक्षित, संजय शर्मा, प्रतीक माथुर, महिपाल द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र देकर व्यापार मंडल का विस्तार किया गया। मंच का कुशल संचालन मनोज शर्मा द्वारा किया गया। करीब 174 व्यापरियों को राष्ट्रीय व्यापार मंडल शालीमार गार्डन की सदस्यता ग्रहण करवाई गयी।। इस अवसर पर शालीमार गार्डन में अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना के द्वारा नवनियुक्ति पदाधिकारियों सागर अरोड़ा, राजेश ओबेरॉय, मनोज शर्मा, नारायण अग्रवाल, डीके दुबे, अनिल डागर, नितिन बंसल, विकास अंतल, दीपक जैन, गौरव टैंक, मनोज शर्मा, पुनीत अग्रवाल, सुनित खुराना, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र कोकरिया, सुशील वर्मा, दिनेश माथुर, विशु कर्णवाल, दीपक शर्मा, जयवीर पाल, सुधांशु राजवंशी, दिनेश दुबे, स्वीटी ब्राउन, परवेज आलम, सागर कर्णवाल, सनी करोतीया, मनोज राघव, अमरिंदर सिंह, प्रिंस यादब, शैंकी वोहरा, रोबिन शर्मा, प्रेम त्यागी, अमित शर्मा का स्वागत सम्मान किया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष प्रवीन भाटी ने बताया कि संगठन को साहिबाबाद मे और मजबूत करने के लिए नियुक्तियां की गई हैं। नए पदाधिकारी व्यापार क्षेत्र और व्यापारियों के हितों में काम करेंगे। राष्ट्रिय व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने नए पदाधिकारियों का व्यापार मंडल परिवार में शामिल होने पर स्वागत अभिनंदन किया।





# वर्चुअल विकास कार्यो का नगर विकास मंत्री ने किया लोकार्पण

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे 34 लाख रुपए की कीमत के विकास कार्यो का नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने



वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। पालिका परिषद में ऑनलाइन नगर विकास मंत्री का कार्यक्रम देखा गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी शेलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रावली रोड पर चुंगी तीन पर 15 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिग सड़क बनाई गई थी। इसके अलावा सरना शमशान घाट में 29 लाख 57 हजार रुपए की लागत से शमशान घाट का मेंन गेट और आरसीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया था। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा सरना में प्राइमरी स्कूल मे 13 लाख की लगात से इंटरलॉकिग टाईल्स लगवाई ई है। गुरुवार को नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि योगी सरकार में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर व बिना भेदभाव के कराए जा रहे है। पालिकाध्यक्षा छम्मी चौधरी ने कहा कि नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होने कहा कि जल्द ही विकास कार्य शुरु किए जाएगे। कार्यभार सभालने वाले अधिशासी अधिकारी से इस बारे में बात की जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक वहाब चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन गोयल, संजीव त्यागी, मोहित, प्रशांत खटीक, राकेश गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने गुरुवार को मेन बाजार में मलिक नगर तिराहे बनाई गई पुलिया को नीचे करने की मांग की। उनका कहना है पुलिया अधिक ऊँची होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कमिश्नर पंडित दीदी को देना चाहिए दो चेहरों पर ध्यान? एक चेहरा पार्षद का है तो दूसरा चेहरा अनुसूचित मोर्चे की दीदी का है श्रीमान? सुना है ये दोनों चेहरे हैं कमिश्नर दीदी से काफी नाराज? वजह ये ही बता सकते हैं इस बारे में हमको पता नहीं चला है साहब? मगर कई जगह पर इन्होंने अपनी कमिश्नर दीदी को लेकर प्रकट की है विपरीत वाली राय? एक बार पंडित दीदी इनसे नाराजगी का कारण तो पूछ लें? क्या पता कुछ गलतफहमियां हों जो बात करने से दूर हो जायें?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसान वाले भगवा भारद्वाज जरा अपनी टीम के चेहरों पर भी थोड़ी नजर रखें साहब? सुना है उनके एक मंडल की टीम के मैम्बर ने किसी महिला नेत्री के भतीजे की कर दी है पिटाई? बात ये काफी ज्यादा गूंज रही है? सुना है इसकी गूंज ककक.... करन तक भी पहुंची है भाई? पता चला है उनको भी किया था इंसाफ के लिए किसी ने फोन? मामला इनका भी किसान वाला है? समझ जाओ इनकी भी कैसी रही होगी फोन पर टोन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** न्याय खंड में हो गई न्याय वाली घटना भगवा रावत जी के साथ? सुना है एक समय उनके सत्तावन नंबर से थे कभी पार्षद बनने के ख़्वाब? मगर पार्टी ने उनकी ये तमन्ना खारिज कर दी हुजूर? कर दिया उनका पार्षद बनने का सपना एक झटके में चकनांचूर? मगर उनकी कि स्मत ने यहाँ पर कुछ और ही की हुई थी भूमिका तैयार? जहां से वो बन नहीं पाये पार्षद? सुना है पूरे इलाके के आरडब्लूए के अध्यक्ष वाला पद मिल गया है उन्हें जोरदार? कि स्मत में जो लिखा होता है, अंत में वही मिलता है यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नादिया पार से आ रही है भाग पार्षद भाग वाली आवाज? अगर पार्षद उस वक़्त नहीं भागे होते तो सोची समझी रणनीति से उनके विरोधी कर देते उनका खेल खल्लास? सुना है त्याग की भावना रखने वाले ये पार्षद दीवार का झगड़ा शांत कराने के लिए मौके पर गये थे श्रीमान? उनका चेहरा देखते ही उठ गया विरोध का तूफान? मौके के हालात को पार्षद ने अपनी सिक्स्थ सेंस से ताड़ लिया? बात और ज्यादा बढ़ती, उससे पहले उन्होंने गाड़ी का बैक गियर डाल लिया?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इंदिरा जी पुरम वाले एरिया में इस वक़्त नामित बनने के लिए उबाल रहे है कई चेहरों के अरमान? सुना है मैडम भंडारी, मैडम मंजुला, सलेक त्यागी, जितेंद्र त्यागी, मास्टर सुनील शर्मा, कपिल त्यागी बना रहे इस व्यवस्था को प्राप्त करने का प्लान? शह और मात का खेल बदस्तूर जारी है? मामला लोकसभा चुनाव के बाद ही बनना है? देखना ये है कि इनमें से कौन सा चेहरा सबसे ज्यादा निभाता अपनी भागीदारी है? यहाँ तो हर चेहरा एक दूसरे पर भारी है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नादिया पार से गोयल साहब के बड़े अरमानों के संदेश हर जगह पहुँचा रही है कोयल? सुना है लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते है मिस्टर गोयल? गोयल साहब के कॉन्फिडेंस को देखकर इस वक़्त काफी चेहरे है हैरान? कहने वाले कह रहे है कि बागी फि ल्म बनाने वाले आखिर कैसे बना सकते है इतना बड़ा प्लान? सुना है गोयल साहब पूरे संतोष से एक राष्ट्रीय पदाधिकारी तक रख कर आये है अपनी बात? बागी फिल्म के रहे है ये डायरेक्टर, पता नहीं इस बारे में उन्होंने कुछ छुपाया है या बताया है, ये फि लहाल पता नहीं चला है साहब ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस वक़्त साइकिल वाला भोला खूब उगल रहा है आग? सुना है अपने अरमानों के सिंहासन पर बिरादरी वाले दूसरे चेहरे की ताजपोशी होने से है भोले भैया बहुत ज्यादा नाराज? उन्होंने ने इस ताजपोशी से ले लिया है मिस्टर मलिक को निशाने पर? ये कहीं कर रहे थे इस चेहरे की वजह से मेरा खेल हुआ है खराब? अपने बूथ पर 18 वोट लेन वाले ना जाने पार्टी को कहाँ ले जाएँगे भाईजान? अगर उन्होंने भगवा गढ़ होने के बावजूद मेरे बूथ पर पड़ी वोटों को देखा होता तो नहीं किया होता ऐसा काम? में इस अनदेखी से दल परिवर्तन की योजना बना रहा हूँ भाई? मगर ये भी स्पष्ट करना चाहता ही हो जाये भले ही कितने ही सितम? मगर नहीं बनूँगा मैं भाजपाई ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बात बताना चाहता हूँ साफ और सीधी? महिला मोर्चा की दौड़ में कही से भी पीछे नहीं है चन्देला दीदी ? सुना है वो कही पर अपने प्रकट कर रही थी विचार ? कर रही थी पार्टी के सभी आयामों को दिया है मैंने शिद्दत से अंजाम ? यहाँ पर चन्देला दीदी के त्यागी दीदी को भी लेकर पॉजिटिव थे संदेश ? मगर उनका मामला यहाँ पर मैडम कोई शक की वजह से उलझ रहा है ? सुना है यही वजह है कि कमांडर के दरबार में त्यागी दीदी का मामला सुलझ रहा है ? कहने वाले ने कहा, त्यागी दीदी के सामने इनको मौका मिलना चाहिए पहला ? क्यों त्यागी दीदी के भगवा होने से कई वर्षों से पार्टी की सेवा कर रही है दीदी चंदेला?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमे अंदर से पता चली है एक बात ? शांत नहीं हुआ है धौलाना में हुए विवाद का मामला ? ठाकुर साहब की शिकायत विस्तारक जी पहुँचाय चुके है संगठन शिल्पी के पास ? धर्म को पालने वाले बड़े चेहरे तक भी दे दी है विस्तारक ने उनके साथ हुए घटना क्रम की रिपोर्ट ? देखने अब ये है कि ये रिपोर्ट कितना करेगी उनको सपोर्ट ? कहने वाले ने कहा, विस्तारक जी शायद ठाकुर साहब को ठीक से नहीं जानते ? वो ओपनली खेल रहे है ? उन्हें ये पता नहीं है कि ठाकुर साहब कभी भी मार सकते है गुम चोट ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एडवोकेट गुप्ता कमिश्नर इस वक़्त ब्राह्मण पार्षद का सपोर्ट नहीं मिलने से है बहुत ज्यादा परेशान ? सुना है अब तक की अनदेखी की शिकायत वाला पहुँचा दिया है वकील साहब ने पैगाम ? विस्तारक भगवा कमिश्नर का संदेश लेकर पहुँच गये साहब ? पार्षद ने कर दी उनसे सभी बातें क्लियर ? कहा किसी के कहने से काम कर लूँगा? मगर इनकी बात मानने पर में नहीं कर पाऊँगा विचार ? पार्षद का संदेश समझ गये विस्तारक जी ? ज्यादा कुछ कहा भी नहीं, क्योंकि वो जानते है ये पार्षद है बहुत ज्यादा होनहार ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी प्रबुद्ध पंकज शर्मा ने अयोध्या की हनुमानगढ़ी में पूजा अर्चना की। उन्होंने लिखा कि बजरंग बली महाराज ने चमत्कार दिखा कर दर्शन दिए। इस पोस्ट में शब्दों में सार छिपा है। बाकी सब ठीक है, यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।